दैनिक प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे:9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 50 मुरादाबाद, 09 June 2023 (Friday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## किसानों ने CM को खून से लिखा खत, मांगी इच्छा मृत्यु, ADA द्वारा जबरन अधिग्रहीत जमीन वापस करने की मांग

उत्तर प्रदेश के आगरा में इनर रिंग रोड के तीसरे चरण में अधिग्रहित 42 हेक्टेयर भूमि की वापसी के लिए बुधवार को तीसरे दिन सदर तहसील में किसानों का धरना व अनशन जारी रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को खून से खत लिखा। जमीन वापसी की गुहार लगाई। भूमि नहीं मिलने पर इच्छा मृत्यु की मांग की है। आगरा में किसानों ने ष्ट्ररू योगी आदित्यनाथ को खून से खत लिखा। उन्होंने इच्छा मृत्यु मांगी। किसानों ने AD द्वारा जबरन अधिग्रहीत जमीन को वापस करने की मांग की। भूख हड़ताल पर बैठे हैं छह किसान इनर रिंग रोड परियोजना के लिए देवरी, जखौदा सहित चार गांव में भूमि का अधिग्रहण आगरा विकास प्राधिकरण ने 2011 में किया था। 2013 में कुछ किसानों का मुआवजा मिला। जिन किसानों को मुआवजा नहीं मिला वह जमीन वापस मांग रहे हैं। इसे लेकर छह किसान भूख हड़ताल पर हैं। एक किसान की तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया। बेशकीमती भूमि वापस करने की रखी मांग अनशन पर बैठे पांच किसानों ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम खून से खत लिखकर नायब तहसीलदार को सौंपा है। किसान नेता श्याम सिंह चाहर का कहना है कि एडीए अधिकारियों की लापरवाही से किसानों को मुआवजा नहीं मिला। 42 हेक्टेयर भूमि का एलाइनमेंट बदल चुका है। इस योजना के लिए भूमि ली गई थी, वो योजना बदल गई। ऐसे में किसानों की बेशकीमती भूमि उन्हें वापस कर दी जाए।इन किसानों ने खून से लिखा खत सीएम को खून से खत लिखने वालों में श्याम सिंह चाहर, रघुनाथ शर्मा, भगवान सिंह, वेद प्रकाश, प्रमोद जैन, नरेंद्र सिंह चाहर, शिव कुमार शामिल हैं। धरने पर रामपाल चाहर, गजेंद्र सिंह, उदयवीर, अनिल, महताब सिंह, केके चाहर, राम मोहन आदि मौजूद रहे।

ताज़ा खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSLIVE.COM

## ट्रॉमा सेंटर में बच्ची से मिले मुख्यमंत्री योगी, फायरिंग के दौरान हो गई थी घायल




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर पहुंचे जहां उन्होंने फायरिंग के दौरान घायल हुई बच्ची से मुलाकात की।। डेढ़ साल की बच्ची एससी-एसटी कोर्ट रूम में हुए हत्याकांड के दौरान घायल हो गई थी। हमले में पुलिसकर्मी कमलेश व लाल मोहम्मद भी घायल हो गए थे। दोनों के पैर में गोली लगी थी। मुख्यमंत्री उनसे भी मुलाकात करेंगे। कुख्यात अपराधी संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की हत्या के दौरान गोलीकांड मे घायल हुई बच्ची व अन्य घायलों का हालचाल लेने के लिए मुख्यमंत्री ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। बुधवार शाम को एससी-एसटी कोर्ट रूम में हुए हत्याकांड में बच्ची घायल हो गई थी। बुधवार शाम को पुलिस हिरासत में लखनऊ के एससी-एसटी कोर्ट रूम में कुख्यात अपराधी संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की हत्या कर दी गई थी। हमलावर वकील के लिबास में पहुंचा था। उसने कोर्ट रूम में ही रिवॉल्वर से ताबड़तोड़ छह राउंड फायरिंग की थी। फायरिंग के दौरान डेढ़ साल की बच्ची और उसकी मां को भी गोली लगी थी।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट: जीवा को लगीं छह गोलियां

डॉक्टरों के पैनल ने देर रात जीवा का पोस्टमार्टम किया। रिपोर्ट के मुताबितक उसके शरीर में छह गोलियां लगीं। सभी गोलियां पीठ पर बाईं तरफ से मारी गईं। सभी आसपास ही लगीं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है है कि विजय खतरनाक शार्प शूटर है। आशंका यह भी है कि जब गोलियां मारी गईं तो जीवा ने अपना दायां हाथ पीठ की तरफ कर दिया था। इसलिए उस हाथ की अंगुलियों को गोली छूते हुए निकली। इसके अलावा जो गोलियां बच्ची, उसकी मां व दो पुलिसकर्मियों को लगी, आशंका है कि जीवा को आरपास होने के बाद लगीं।

## देश ही नहीं, विदेशों में भी मोदी सरकार की धाक, जयशंकर बोले- नौ साल में भारत के प्रति बदला दुनिया का नजरिया




पीएम नरेंद्र मोदी की विदेश नीति के 9 साल पूरे होने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि देश ने इस सरकार के दौरान तेजी से विकास किया है। विदेश मंत्री ने कहा कि अब दुनिया हमें आर्थिक सहयोगी की तरह देखती है। भारत अब दुनिया की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन रहा है। बीते नौ सालों में देश का चौतरफा विकास हो रहा है। ये बात विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर विदेश नीति को लेकर कही।मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल- पीएम नरेंद्र मोदी की विदेश नीति के 9 साल पूरे होने पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए एस जयशंकर ने कहा-दुनिया, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ, भारत को एक विकास भागीदार के रूप में देख रहा है- एक विश्वसनीय, प्रभावी विकास भागीदार के रूप में। दुनिया अब न केवल भागीदार बल्कि आर्थिक सहयोगी के रूप में भारत को देख रही है। राहुल पर तंज, 2024 चुनाव की भविष्यवाणी - विदेश मंत्री ने इस बीच राहुल गांधी पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि राहुल की आदत है कि जब वो बाहर जाते हैं, तो वे देश की आलोचना करते हैं, हमारी राजनीति के बारे में टिप्पणी करते हैं। जयशंकर ने कहा कि दुनिया देख रही है कि इस देश में चुनाव होते हैं और चुनाव में कभी एक पार्टी जीतती है, तो कभी दूसरी पार्टी। अगर देश में लोकतंत्र नहीं है तो ऐसा परिवर्तन तो नहीं आना चाहिए। जयशंकर ने इसी के साथ 2024 के चुनाव के नतीजों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हमें पता है कि नतीजे तो वही होंगे जो पहले थे।भारत के साथ काम करने को सभी उत्सुक-जयशंकर ने कहा कि आज लोग भारत को सुनना चाहते हैं और उन्हें लगता है कि भारत के साथ काम करने से उनका प्रभाव भी तेज होगा। उन्होंने कहा कि आज हम जो दुनिया पर प्रभाव डाल रहे हैं, उससे हमारी परंपरा तक का उत्सव मनाया जा रहा है। कोरोना काल में भी लोगों का नहीं छोड़ा साथ- विदेश मंत्री ने कहा कि कोविड के दौरान बहुत से देशों ने अपने नागरिकों को उनके हाल पर छोड़ दिया था, लेकिन हम कोविड के दौरान फंसे हुए कम से कम 70 लाख लोगों को वापस लाए।

## कैंपस 1 उद्घाटन करने वाले 2: विवाद के बीच केजरीवाल और स्त्र दोनों ने किया शुभारंभ



आईपी यूनिवर्सिटी के पूर्वी दिल्ली कैंपस के उद्घाटन को लेकर विवाद के बीच आज गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इस कैंपस का शुभारंभ किया है।केजरीवाल सरकार और राजनिवास के बीच विभिन्न मुद्दों पर टकराव लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला आईपी यूनिवर्सिटी के पूर्वी दिल्ली कैंपस के उद्घाटन से जुड़ा है। विवाद के बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आज गुरुवार को सूरजमल विहार स्थित गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आईपी) विश्वविद्यालय के पूर्वी कैंपस का शुभारंभ किया है। इस दौरान दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी भी मौजूद रहीं। ये देश का बेस्ट कैंपस- सीएम केजरीवाल आईपी यूनिवर्सिटी के उद्घाटन अवसर पर सीएम केजरीवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए ईस्ट कैंपस को देश का बेस्ट कैंपस बताया। सीएम ने इसके लिए खासतौर पर पूर्वी दिल्ली के लोगों को बधाई दी है।आज आईपी यूनिवर्सिटी का ईस्ट कैंपस देश को समर्पित किया जा रहा है। यह खूबसूरत कैंपस है। सुविधा और संरचना के हिसाब से ये देश का बेस्ट कैंपस है। ईस्ट में इस तरह का कैंपस नहीं था। यहां रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। 7-8 सालों में दिल्ली में बदलाव आए हैं। जिनके पास पैसा है, वह अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल-कॉलेज में पढ़ाते हैं। हमने इंफ्रास्ट्रक्चर और परिणाम के तौर पर 12वीं तक की शिक्षा का मॉडल पेश किया है।उन्होंने कहा कि इसमें करीब ढाई हजार बच्चे शिक्षा लेंगे। दिल्ली में 12वीं तक अच्छी शिक्षा है और अब 12वीं के बाद कि शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। आज युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण मांग नौकरी की है। हमें लोगों को ऐसी शिक्षा देनी होगी जो रोजगार दे। इस कैंपस में इनोवेशन, मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि की पढ़ाई होगी, मुझे यकीन है यहां से निकलने वाले हर युवा को नौकरी मिलेगी। अब हमें नौकरी देने वाला भी बनाना है। स्मृति ईरानी ने रखी थी इस कैंपस की आधारशिला- एलजी वहीं, एलजी ने आईपी यूनिवर्सिटी के उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए कहा कि 2014 में तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री स्मृति ईरानी ने इसकी नींव रखी थी। वक्त परीक्षा लेकर सीख देता है।2012 में इस कैंपस को बनाने की कल्पना हुई थी

## जीवा को छलनी कर गईं आठ गोलियां, पोस्टमार्टम में सामने आई ये नई बात, डॉक्टर हैरान




लखनऊ में कोर्ट रूम में ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। मजिस्ट्रेट के सामने कुख्यात संजीव जीवा ढेर हो गया। डॉक्टरों के पैनल से देर रात जीवा का पोस्टमार्टम कराया गया। इस रिपोर्ट के मुताबिक, उसेक शरीर से छह गोलियां आर-पार हो गईं। सभी गोलियां पीठ पर बायी तरफ से मारी गईं। पुलिस हिरासत में माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि लखनऊ के एससीएसटी कोर्ट रूम में बुधवार दोपहर बाद मुख्तार अंसारी के बेहद करीबी कुख्यात अपराधी संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा (50) की हत्या कर दी गई। वकील के लिबास में आए हमलावर ने कोर्ट रूम में ही रिवॉल्वर से ताबड़तोड़ फायरिंग की। इस दौरान दो पुलिसकर्मियों, एक डेढ़ साल की बच्ची व उसकी मां को भी गोली लगी। जीवा पर हमलावर ने पीछे से फायरिंग की। वारदात के बाद वकीलों ने दौड़कर हमलावर को दबोच लिया और पीटकर पुलिस को सौंप दिया। घायलों को ट्रामा में भर्ती कराया गया है। वारदात के बाद आक्रोशित वकीलों ने प्रदर्शन कर पथराव कर दिया। जिसमें एसीपी चौक का सिर फट गया। कई वाहन भी छतिग्रस्त हो गए। आलाधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तब हालात पर काबू पा सके। भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी हत्याकांड में आजीवन कारवास की सजा पाने वाला मुजफ्फरनगर के शाहपुर आदमपुर निवासी संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा पिछले बीस साल से जेल में बंद था। उस पर दो दर्जन केस दर्ज हैं। वह हत्या व एससीएसटी के एक केस में बुधवार दोपहर पुलिस अभिरक्षा में पेशी पर लाया गया था।

### छह छाती और दो हाथों पर गोलियां लगीं

संजीव उर्फ जीवा के पोस्टमार्टम के बाद केजीएमयू ने बयान जारी कर कहा कि कुख्यात जीवा को मृत हालत में बलरामपुर अस्पताल लाया गया था। उसके शरीर में 16 गोलियों के निशाना पाए गए हैं जो कि दिखाते हैं कि उस पर आठ गोलियां चलाई गई थीं। छह उसकी छाती पर लगीं और दो उसके हाथों पर लगने के बाद आर-पार हो गईं। दोपहर बाद करीब 3=50 बजे उसके केस की बारी आई। जैसे ही वह उठकर चला वैसे ही अंदर बैठे हमलावर ने उस पर गोलियां दागनी शुरू दीं। कोर्ट रूम से लेकर पूरे परिसर में भगदड़ मच गया। संजीव वहीं पर लहूलुहान होकर औंधे मुंह गिर गया। हमलावर ने भागने का प्रयास किया, लेकिन वहां मौजूद वकीलों ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह जौनपुर के केराकत का रहने वाला है। उसका नाम विजय यादव उर्फ आनंद है। पुलिस जीवा को अस्पताल लेकर गई। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। संजीव पर पूर्व भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या का भी आरोप था लेकिन बाद में वह कोर्ट से बरी हो गया था। जीवा को छलनी कर गईं छह गोलियां- डॉक्टरों के पैनल से देर रात जीवा का पोस्टमार्टम कराया गया। इस रिपोर्ट के मुताबिक, उसेक शरीर से छह गोलियां आर-पार हो गईं। सभी गोलियां पीठ पर बायी तरफ से मारी गईं। सभी आसपास ही लगीं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि विजय खतरनाक शार्प शूटर है। आशंका यह भी है कि जब गोलियां मारी गईं तो जीवा ने अपना दायां हाथ पीठ की तरफ कर दिया था। इसलिए उस हाथ की अंगलियों को गोली छूते हुए निकली। इसके अलावा जो गोलियां बच्ची, उसकी मां व दो पुलिसकर्मियों को लगी, आशंका है कि जीवा को आरपार होने के बाद लगी। मासूम बच्ची आईसीयू में, मां व पुलिसकर्मी खतरे से बाहर- कोर्ट रूम में बीकेटी के भैसामऊ निवासी सौरभ अपनी पत्नी नीलम व पिता के साथ मौजूद थे। नीलम की गोद में उनकी डेढ़ साल की बेटी लाडो भी थी। गोली लाडो की पीठ व नीलम की अंगुलियों पर लगी। दोनों का इलाज जारी है। लाडो की हालत गंभीर है। वह आईसीयू में है। इसके अलावा अभिरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी कमलेश व लाल मोहम्मद भी घायल हुए हैं। दोनों के पैर में गोली लगी है। ये सभी खतरे से बाहर हैं। इन सवालों के जवाब तलाश रही पुलिस- आरोपी विजय यादव से पूछताछ जारी है। शुरुआती जांच में पता चला कि विजय साधारण परिवार से है। पिता किसान हैं। विजय चार भाइयों में दूसरे नंबर का है। 2016 में उस पर आजमगढ़ में लड़की भगाने के आरोप में केस दर्ज हुआ था। जौनपुर में 2020 में उस पर कोविड प्रोटोकॉल उल्लंघन का केस दर्ज किया गया था। पिछले तीन साल से वह मुंबई में रह रहा था। तीन महीने वह जौनपुर वापस लौटा था। हालांकि पिछले एक महीने से उसका संपर्क परिवार से नहीं था। उससे पूछताछ का दौर जारी है। पुलिस यही पता कर रही है कि आखिर जीवा की हत्या किसने और क्यों करवाई। पकड़ा गया आरोपी शूटर है। जल्द पुलिस इसको लेकर खुलासा कर सकती है। आरोपी को पकड़ लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। वह वकीलों के भेष में आया था। ये पता किया जा रहा है कि वारदात में अकेला यही आरोपी शामिल है या फिर उसके साथी भी हैं। साजिश किसने, कब और क्यों रची। इसकी जानकारी की जा रही है।- पीयूष मोर्डिया, पुलिस कमिश्नर( कार्यवाहक )

## संपादकीय Editorial

### Shattered Education Campus

If the hopes with which the caravan of education moved forward in Himachal, their neck is bowing down today, it makes the discussion of education very sensitive. The toppling of many Himachal universities, especially Shimla University, is neither surprising nor the rulers are surprised. The annual assessment of the National Institutional Ranking Framework (NIRF) bulldozes the system of education in Himachal. Surprisingly, Shimla University is deprived of getting a place in the top 200 institutions of the country, while Mandi, Central and Technical Universities are not even able to show their faces. We may save our nose because of agriculture and horticulture universities or look at IIT Mandi with hopeful eyes, but the desolate history of NIT Hamirpur is now giving us a reprimand. It is pleasant in itself that Shoolini remains in the top 100 in private universities, otherwise, the way there was noise to make Himachal a hub of education, it collapsed in the misunderstanding of political staging. Instead of gaining in education, the state has also lost that base, due to which Himachal had hoisted the flags of initial successes. The issue started with the downfall of Shimla University and has spread in the campus of all the colleges. Could the Central University or Technical University do something new in comparison to Shimla or the need of these institutions has been met. The wonder of the previous government is that in the framework of Mandi University, another gem was punished in the political vault. In fact, government educational institutions are passing their existence as political laboratories. In the chapters of Shimla University, political competition and contradictions of changing powers have darkened the pages so much that it has become difficult to return to the old ways of education.

Even when Shimla University was sinking in the trough, someone's sun was rising on the horizon. We cannot evaluate how the former Vice Chancellors should be remembered. What Prof. Sikandar Kumar was better as Vice-Chancellor or now his status as a Member of Parliament is coming. Sometimes ADN Vajpayee came with a big vision and left twice as Vice Chancellor. Did the university also run during his time? The truth of education is also that when new institutions are opened, politics goes on. When universities open, the vice-chancellors and professors leave. The irony is that even after opening educational institutions in such numbers and more than Himachal's capacity, children still have to go out of the state for the quality of education. This is the reason why highly deserving students of Himachal Pradesh are connecting colleges affiliated to Delhi University with their future. Along with the neighboring Punjab, Guru Nanak and Kurukshetra universities, they are moving towards renowned private universities of the country and abroad. Students cannot be guilty of falling down in the ranking of any educational institution, but the faculty, academic environment and being away from the significance of admission is creating such a situation. In a state where education has been made a means of government job, there is no thinking, only job products will be prepared and it has formed a different type of caucus, which considers paper leaking in government recruitment as an achievement. In a state where education has become only a formal degree in government job shopkeeping, what is the ability and what is the competition. In a state where higher education is not proficient in its research, study and innovation, how will there be awareness in its educational institutions. Where every Chief Minister wants to set up a university in his area, how will the prestigious institutions of the state be built there.

# Oceans full of biodiversity

Coral reefs cover only 0.1% of the Earth's surface, but provide habitat to many species of fish, crustaceans, sharks, octopuses, etc. Coral reefs contain so much biodiversity that they are often called the tropical rainforests of the ocean. Life originated in the oceans themselves. They contain a variety of habitats such as coral reefs, sea grasses, trenches, etc. So it is not surprising that they have enormous biodiversity. Interestingly, we have so far identified more than 2.5 lakh species found in the oceans, but this is only a third of this biodiversity. Each level of the ocean has unique ecosystems, containing a wide variety of organisms. These range from microscopic zooplankton and phytoplankton found on the ocean surface to giant 13-meter squid in the ocean depths. Unique symbiotic relationship between polyps and algae - We've all seen the beautiful pictures of fish and eels in coral reefs. These reefs are mostly confined to shallow waters where direct sunlight falls. Coral reefs appear to be non-living but they are actually a unique symbiotic relationship between coral polyps (an animal) and algae. In this symbiosis, the polyps provide protection to the algae and the algae provide nutrition to the coral. Thousands of polyps and algae together form coral reefs. Coral reefs cover only 0.1% of the Earth's surface, but provide habitat to many species of fish, crustaceans, sharks, octopuses, etc. Coral reefs contain so much biodiversity that they are often called the tropical rainforests of the ocean. Recently, scientists have discovered that coral reefs also contain the greatest diversity of microorganisms on Earth. Another fascinating ecosystem is formed by seagrasses. Sea grasses are often confused with sea weeds, but they are actually plants closely related to flowering grasses found on land. These are often compared to the vast prairie landscape of North America. Sea grasses are found in both cold and warm waters. Some seagrass ecosystems are so large that they can be seen from space. Scientists discovered- Recently, scientists found a flexible seaweed called Posidonia australis in Shark Bay, Australia. It is the oldest plant in the world which is 45 000 years old and is 180 kilometers long. However, less attention has been paid to the conservation of seagrasses, despite the fact that they are home to many unique species of commercially valuable fish, crabs and prawns. Another unique animal found here is the dugong. The dugong is a mammal that is largely dependent on seagrass communities for food, so it plays an important role in shaping this ecosystem. Being a vegetarian, it is called a sea cow. Of concern is that it has been widely hunted for meat and oil over the centuries. It also gets trapped in fish nets many times. This has reduced its population. Researchers have estimated the population of dugongs in Indian waters to be less than 300. Because of this, Tamil Nadu has notified the first Indian Dugong Conservation Reserve in the Gulf of Mannar. The biodiversity of the deep oceans is also amazing. There is almost no light below 1 km from the surface of the ocean. Therefore, some organisms such as anglerfish have a rod-like spiny structure on their head. The bacteria growing inside the rod are luminescent and they make the rod glow. This rod also attracts the prey of angler fish. Despite having so much biodiversity, only 3 to 8 percent of the oceans are protected. Many ecosystems are under threat due to climate change and other anthropogenic actions. Many sharks, turtles, marine plants and mammals such as whales and dugongs are at risk of extinction. In addition, many areas of sea grass and coral have also been eroded in recent times. Therefore, there is a need to explore the unique habitats and document their biodiversity so that the coming generations can be made aware to conserve the biodiversity in the oceans.

# Politics: Opposition and AAP divided, how will Kejriwal's campaign proceed

Arvind Kejriwal's drive to unite the opposition on the pretext of an ordinance by the central government ahead of the Lok Sabha elections has suffered a setback in Tamil Nadu, where the DMK did not stand by the AAP. The stand of the Congress is already not clear on this. It is obvious that due to the split in the opposition, Kejriwal's campaign is not moving forward. Aam Aadmi Party (AAP) chief Arvind Kejriwal is engaged in the exercise of connecting 26 regional parties. Delhi Chief Minister Arvind Kejriwal along with Punjab Chief Minister Bhagwant Singh Mann visited six states in six days. During this, he met with Sharad Pawar, MK Stalin, Mamata Banerjee, Hemant Soren and K Chandrasekhar Rao and discussed about stopping the Delhi Ordinance (Delhi Government vs Lieutenant Governor) in the Rajya Sabha, which is being seen as the semi-final of 2024. . By the time the monsoon session of Parliament begins in the new building in mid-July, 2023, the euphoria of the semi-final syndrome would have died down, yet you are raising the issue of the Delhi Ordinance. Some Congress leaders jokingly remarked that the Chief Ministers of Punjab and Delhi are double engines and they both travel in the same plane to Punjab. But why did he leave the Mayor of Delhi in the lurch? They wanted that the Mayor of Delhi should also meet the leaders of regional parties by plane for 'Bharat Jodo Darshan'.

Recently, the Supreme Court had passed an order in the Delhi Government vs. LG case, in which it empowered the Delhi government to make laws and transfer-posting of officers. In a unanimous verdict, a five-judge constitution bench of the apex court had on May 11 said that the Delhi government would have control over administrative services in the national capital, except in subjects such as public order, police and land. But the central government issued an ordinance to the contrary. In such a situation, Kejriwal is fighting for his government rights to organize the officials. However, Arvind Kejriwal remained silent when asked by a private TV channel about his luxurious house worth 60 crores. The basic issue in this fight against the ordinance is to remove the negative image created by the same Sheeshmahal. Not only this, a woman journalist was also arrested in Punjab on this issue.

Delhi Chief Minister Arvind Kejriwal met his Tamil Nadu counterpart MK Stalin and sought his support in his campaign against the central government's controversial ordinance that aims to take control of administrative services in the national capital. But the DMK has given you an 'Illai' (Illai means 'no' in Tamil) signal to you. The reason for this is clear that DMK has no commitment with AAP. Congress is yet to talk to its UPA allies on this and also analyze why DMK should support AAP in Rajya Sabha. Will this not create a spectacle in Tamil Nadu politics? The Congress party is yet to confirm its stand on the Delhi ordinance in the Rajya Sabha. According to top AAP leaders, the party will do two things.

The Congress will oppose it in the Rajya Sabha, but will walk out conveniently or remain neutral. Such a state of indecision will ultimately benefit the BJP and the ordinance will be passed. In fact, party president Mallikarjun Kharge will have to take them along to prevent possible rebellions by Ajay Maken in Delhi and Pratap Singh Bajwa in Punjab. After a meeting with Stalin in the presence of Bhagwant Mann, Kejriwal said, 'If the elected government does not have control over the officers, there is no point in having an elected government. For the first time in history, he has overruled the order of the Supreme Court. It is unconstitutional and undemocratic. Kejriwal told that 'this ordinance will come in the monsoon session. He has 93 seats in Rajya Sabha in his support, if all non-BJP parties come together, we will be able to defeat him.

I am grateful to MK Stalin for his support. With each passing day I am feeling more confident and it is the semi finals of 2024. Kejriwal aims to unite opposition parties against the ordinance and block it in the Upper House of Parliament, where the opposition has more seats than the BJP and its allies. In this sequence, Kejriwal also met Jharkhand Chief Minister Hemant Soren on Friday. When Kejriwal met leaders like Mamata Banerjee, Sharad Pawar and Hemant Soren, he received overwhelming support in the Rajya Sabha to vote against the ordinance. But Kejriwal has realized that without the strong support of the Congress, these regional outfits out of the Congress will follow Kharge's behest and belie the AAP's claim. This will shock statements like Arvind Kejriwal calling it the semi-final of 2024. In fact, the real color of the Congress has now come to the fore, which you leaders are also feeling. The discussion of the politics of South India cannot be complete without mentioning the Telugu Desam Party.

Amid political talks of re-alignment in Andhra Pradesh, Telugu Desam Party leader Chandrababu Naidu met Union Home Minister and senior BJP leader Amit Shah in New Delhi. BJP national president JP Nadda was also present in the meeting, which took place at the home minister's residence. The meeting took place amid speculation of a possible alliance between the BJP and its former alliance partner TDP. The leaders are believed to have discussed contesting elections in Andhra Pradesh and Telangana together. Naidu's party is the main opposition party in Andhra Pradesh. Chandrababu Naidu may receive PM Modi at a mega meeting in Vijayawada in mid-August. TDP's vote bank has shrunk. That void has been filled by the famous rising hero Pawan Kalyan. The name of his party is Jana Sena Party. He also wants to forge an alliance with the NDA.

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सिंचाई, कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यान, दुग्ध समिति, गन्ना भुगतान तथा सहकारिता की समीक्षा बैठक सम्पन्न



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कैम्प कार्यालय पर सिंचाई, कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यान, दुग्ध समिति, गन्ना भुगतान तथा सहकारिता आदि की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 के संबंध में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि आई0जी0आर0एस0 डिफाल्टर होने से पूर्व ही शिकायत का निस्तारण कर दें, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता सिंचाई को निर्देश दिये कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करें। कृषि विभाग के अन्तर्गत पी0एम0 किसान योजना में संबंधित अधिकारी को डेटा पेन्डेन्सी को जल्द से जल्द कम करने के निर्देश दिए। सोलर फोटो वोल्टेक में जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी से कारण जानते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने तथा सोलर कंपनियों से भी संपर्क बनाये रखने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी से कहा कि योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक किसानों को कवर किया जाये।

मत्स्य विभाग के अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद में कम से कम 0.2 हेक्टेयर क्षेत्रफल के 850 तालाबों में से 758 तालाबों का आंवटन किया जा चुका है तथा शेष पर जल्द से जल्द कार्यवाही की जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि कोशिश करें कि अधिक से अधिक लाभार्थियों को मत्स्य विभाग की योजना के तहत लाभान्वित किया जाये। जिलाधिकारी ने गन्ना विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि गन्ना मूल्य भुगतान जल्द से जल्द कराया जाये। जिलाधिकारी ने गौ आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गौ आश्रय स्थलों का देखरेख अच्छे से कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि गौ आश्रय स्थलों का भ्रमण करते रहें तथा चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रखे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि ज्यादा से ज्यादा नेपियर घास लगवायी जाये तथा भूसे की कमी न हो पाये इसको सुनिश्चित किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, सी0वी0ओ0, डीएसटीओ सहित कृषि, पशुपालन, उद्यान, सिंचाई, मत्स्य, गन्ना, सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

## आफलाइन प्रवेश परीक्षा कराए जाने का निर्णय लिया गया

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिला समाज कल्याण मौ0 मुश्ताक अहमद ने बताया है कि जनपद में प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे- सिविल सर्विसेज (आई0ए0एस0/पी0सी0एस0, एन0डी0ए0/सी0डी0एस0, आई0टी0आई0-जे0ई0ई0 एवं एन0ई0ई0टी0 (नीट) इत्यादि हेतु प्रतिभाशाली तथा उत्साही विद्यार्थियों को निःशुल्क साक्षात प्रतिशक्षण/सलाह प्रदान किए जाने हेतु मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना संचालित है। उन्होंने बताया कि चल वित्तीय वर्ष 2023-24 में सिविल सर्विसेज एन0डी0ए0/सी0डी0एस0, आई0आई0टी0-जे0ई0ई0 एवं एन0ई0ई0टी0 की परीक्षाओं हेतु प्रवेश /एडमिशन आफनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाना है, जिसके संबंध में दिनांक 15.05.2023 तक जिला समाज कल्याण अधिकारी कर्यालय स्तर पर को उक्त कोर्सो हेतु कुल 574 आफलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। जिसके क्रम में उक्त योजनार्न्तगत गठित समिति द्वारा आफलाइन प्रवेश परीक्षा कराए जाने का निर्णय लिया गया है। मौ0 मुश्ताक अहमद ने बताया कि चल वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सर्विसेज (आई0ए0एस0/पी0सी0एस0) एन0डी0ए0/सी0डी0एस0, आई0आई0टी0, जे0ई0ई0 एवं एन0ई0ई0टी0 में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु जिन अभ्यर्थियों द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में अपना आवेदन पत्र जमा किया, उन अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन जैसे सिविल सर्विसेज (आई0ए0एस0/पी0सी0एस0) परीक्षा दिनांक 18.06.2023, परीक्षा के आयोजन का समय 10:00 बजे से 12:00 बजे तक राजकीय स्वच्छकार आश्रम पद्धति विद्यालय एकता कालोनी मण्डी समिति के पीछे पैपटपुरा लाइनपार मुरादाबाद में तथा एन0डी0ए0/सी0डी0एस0, आई0आई0टी0-जे0ई0ई0 एवं एन0ई0ई0टी0 की परीक्षा दिनांक 18.06.2023, परीक्षा के आयोजन का समय 2:00 बजे से 4:00 बजे तक राजकीय स्वच्छकार आश्रम पद्धति विद्यालय एकता कालोनी मण्डी समिति के पीछे पैपटपुरा लाइनपार मुरादाबाद में किया जायेगा। उक्त कोर्सो के संबंध में दिनांक 18.06.2023 को होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के प्रवेश पत्र/एडमिट कार्ड दिनांक 14.06.2023 से 17.06.2023 तक अभ्यर्थियों को जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा प्राप्त कराए जाएंगे।

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म, पांच के खिलाफ रिपोर्ट

मुरादाबाद- शादी का झांसा देकर मोहल्ले के युवक ने किशोरी से दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां की तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने आरोपी युवक, उसके पिता, चाचा समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना सिविल लाइंस के हरथला चौकी क्षेत्र निवासी महिला के अनुसार उसकी 17 वर्षीय बेटी को मोहल्ले में ही रहने वाले अरमान ने प्रेमजाल में फंसा लिया। आरोपी ने किशोरी से कहा कि मेरे चाचा मेराज हम दोनों के प्यार के बारे में जानते है, वह कोर्ट मैरिज करा देंगे। महिला के अनुसार इसके बाद आरोपी ने कोर्ट मैरिज में खर्च की बात कहकर किशोरी से उसके घर के जेवर मंगवा कर अपने चाचा को दे दिए। महिला के अनुसार बीती नौ मई को आरोपी उसकी बेटी को लेकर वेव मॉल में फिल्म दिखाने के लिए ले गया, भीड़ न होने का फायदा उठाकर आरोपी ने यहां भी किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। बाद में किशोरी को अरमान ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता ने अपनी मां को आपबीती बताई तो 29 मई को उसके माता-पिता आरोपी के घर शिकायत लेकर पहुंच गए। आरोप है कि शिकायत सुनने की बजाय आरोपी अरमान, उसके पिता इलियास, चाचा मेराज, शाने आलम, उरमान व फुरकान ने गाली गलौज कर धक्के देकर भगा दिया। बाद में आरोपियों ने घर में घुसकर महिला और उसकी बेटी के साथ मारपीट कर दी। कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत की। एसएचओ सिविल लाइंस आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, दुष्कर्म, धमकी देने और पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सुपायुनुल ने आर्यन बन छला: FB पर दोस्ती-प्यार फिर मिलने का बनाया दबाव, न में जवाब मिला तो दिखाया अपना असली रूप

रामपुर के मिलक में एक किशोरी को आर्यन बनकर प्रेमजाल में फंसाने वाले पश्चिम बंगाल के मुस्लिम युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। डेढ़ साल पूर्व पश्चिम बंगाल के रहने वाले एक मुस्लिम युवक ने अपना नाम आर्यन बताते हुए कस्बा निवासी एक किशोरी को फेसबुक के जरिये प्रेमजाल में फंसा लिया। किशोरी उसे हिंदू समझते हुए उसके झांसे में आ गई। मंगलवार को वह युवक मिलक पहुंच गया था। उसने किशोरी पर मिलने के लिए दबाव बनाया था, लेकिन किशोरी ने इन्कार कर दिया था। इन्कार करने पर आरोपी ने किशोरी से गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि युवक ने उसे रोककर उसके साथ छेड़खानी की, इतना ही नहीं आरोपी ने किशोरी पर धर्म परिवर्तन करने का भी दबाव बनाया। शोर-शराबा होने पर लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद किशोरी कोचिंग जा रही थी। आरोप है कि युवक ने उसे रोककर उसके साथ छेड़खानी की, इतना ही नहीं आरोपी ने किशोरी पर धर्म परिवर्तन करने का भी दबाव बनाया। शोर-शराबा होने पर लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। युवक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त मोहम्मद सुपायुनुल हक निवासी काबी परिजात पथ, लिंबू बस्ती शालूगरा वार्ड नंबर 42 सिलीगुड़ी जलपाईगुड़ी पश्चिम बंगाल के रूप में हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, धर्म परिवर्तन, जान से मारने की धमकी और गाली-गलौज सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। कोतवाल राजेश बैंसला ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### किशोरी ने कर दिया था नंबर ब्लॉक

किशोरी के परिजनों ने बताया कि आरोपी की फेसबुक फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करते ही मैसेज आना शुरू हो गए। बातचीत होते-होते दोनों में मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान हो गया। दूसरी ओर से फोन आना शुरू हो गए। किशोरी को पता चला कि युवक मुस्लिम है तो उसने युवक से बात करने से इन्कार कर दिया और उसका नंबर ब्लाक कर दिया। इसके साथ ही नाबालिग ने अपनी फेसबुक आईडी अकाउंट भी डिलीट कर दिया। लेकिन उस लड़के के पास मोबाइल नंबर था। जिससे वह नंबर बदल बदल कर लगातार काल और मैसेज भेज कर नाबालिग को परेशान करता रहा। फोन करके धमकियां दे रहा था। काफी मना करने और समझाने के बाद भी मुस्लिम युवक नहीं माना। फेसबुक अकाउंट से एड्रेस लेकर वह मिलक आ गया।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
बिना किसी सिक्यूरिटी के
डेली अखबार आवश्यकता है
सभी जिलो में ब्यूरो, स्थानीय रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
24x7 KNLS लाइव
क्यूँ न लिखूँ सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
* वेलकम किट लेना अनिवार्य है

## मकान मालिक व ठेकेदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट

मुरादाबाद- मझोला थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व पुताई के दौरान करंट से झुलस कर मजदूर की मौत के मामले में मृतक के पिता ने मकान मालिक और ठेकेदार के खिलाफ गैरइरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना कटघर क्षेत्र के महर्षि दयानंद कालोनी ( पीतलबस्ती ) निवासी संजीव उर्फ बंटी पुताई का काम करता था। पिता कल्याण सिंह ने बताया कि विगत 30 मई को संजीव ठेकेदार रविंद्र उर्फ भूरा के साथ आरटीओ कार्यालय के पास एक कोठी की पुताई कर रहा था। झूला डालकर पुताई करने के दौरान ही वह एचटी लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने के बाद संजीव तीसरी मंजिल से नीचे जमीन पर आ गिर गया था। झुलसने के साथ ही गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे दिल्ली रोड पाकबड़ा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान पांच जून को संजीव ने दम तोड़ दिया। पिता कल्याण सिंह ने मझोला पुलिस को तहरीर देकर कोठी मालिक शाकिर और ठेकेदार रविंद्र उर्फ भूरा पर लापरवाही कर संजीव की हत्या करने का आरोप लगाया। पिता ने कहा कि दोनों ने खतरा देखते हुए संजीव को एचटी लाइन के पास काम करने के लिए बिना सुरक्षा उपकरण के उतार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस संबंध में एसएचओ मझोला विप्लव शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है, विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## अभिनेत्री जयाप्रदा को अदालत ने किया तलब, 27 जून हो सकती है हाजिर

मुरादाबाद। रामपुर की पूर्व सांसद एवं अभिनेत्री जयाप्रदा पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। अदालत ने जयाप्रदा बयान दर्ज कराने के लिए तलब किया है। अब अगली सुनवाई के लिए 27 जून को होगी। जिसमें जयाप्रदा हाजिर होकर अपने बयान दर्ज करा सकती हैं। 2019 लोकसभा के परिणाम घोषणा होने के बाद कटघर थाना क्षेत्र के मुस्लिम डिग्री कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें मुरादाबाद के सपा सांसद एसटी हसन, रामपुर के पूर्व सांसद आजम खां, अब्दुल्ला आजम समेत अन्य सपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए थे। आरोप है कि इस कार्यक्रम में अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में रामपुर निवासी मुस्तफा हुसैन ने आजम खां, डॉ. एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, फिरोज खां व आयोजक मोहम्मद आरिफ, रामपुर के पूर्व चेयरमैन अजहर खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विशेष लोक अभियोजक मोहनलाल विश्नोई ने बताया कि मुकदमे की सुनवाई एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट एसीजेएम चतुर्थ स्मिता गोस्वामी की कोर्ट में की जा रही थी लेकिन न्यायिक मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण मुकदमे की सुनवाई मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनिंदर सिंह की अदालत में की गई। इस मामले में बतौर पीड़िता अभिनेत्री एवं रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा को अदालत में हाजिर होकर अपने बयान दर्ज कराने हैं लेकिन उनकी गैरहाजिरी के कारण बयान नहीं हो पा रहे हैं। अदालत ने समन जारी कर उन्हें तलब किया है। अब इस मुकदमे में 27 जून को सुनाई होगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## बिजली विभाग के लाइनमैन एवं संत का मामला सुर्ख

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- बिजली विभाग के लाइनमैन एवं संत का मामला सुर्ख बिजली अधिकारी एवं पीड़ित संत ने लगाये एक दूसरे पर आरोप, मकदमा दर्ज जाँच में जुटी पुलिस बीते दिन शहर के एक संत और बिजली विभाग टीम के बीच चला विवाद अब सुर्ख हो चला हैं। दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे पर गम्भीर आरोप लगाते हुये अपनी अपनी शिकायत पुलिस में की हैं

जिसमें एक पक्ष का मुकदमा दर्ज किया जा चुका हैं, जबकि दूसरे पक्ष के मामले की जाँच जारी हैं



## दलित के घरों में दिन दहाड़े डेढ़ दर्जन हमलावरों ने किया हमला

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना मारहरा क्षेत्र के गांव खकरई में दलित के घरों में दिन दहाड़े डेढ़ दर्जन हमलावरों ने किया हमला, पास के गांव त्रिलोकपुर के बताए जा रहे हैं हमलवार,फायरिंग और महिलाओं के साथ मारपीट की बताई जा रही है घटना,गांव में दहशत का माहौल, सूचना के बाद घटना स्थल पर सीओ सदर सुनील त्यागी और भारी पुलिस बल मौके पर, चार मोटरसाइकल एक मैजिक को तोड़ा, कल रात्रि की बताई जा रही है घटना, थाना मारहरा क्षेत्र के खकराई गांव का मामला।

## वृद्धा ग्रह कलेश के चलते हाजरा नहर में कूदकर आत्म हत्या का किया प्रयास

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा में एक वृद्धा ग्रह कलेश के चलते हाजरा नहर में कूदकर आत्म हत्या का किया प्रयास हजारा नहर के पास मौजूद तैराक जुगेन्द्र की वृद्धा पर पड़ी नज़र, तैराक ने दौड़कर वृद्धा को कूदने से बचाया, वृद्ध महिला ने गृह कलेश से तंग आकर उठाया यह खौफनाक कदम, वृद्धा थाना अवागढ़ के वसुंधरा कस्बा की बताई जा रही है, तैराक जुगेन्द्र राठौर की सूझबूझ से बची वृद्धा की जान, परिजनों ने वृद्धा की जान बचाने वाले तैराक जुगेंद्र राठौर का किया शुक्रिया अदा, ये तैराक जुगेंद्र राठौर अब तक नहर में डूबने वाले 300 से ज्यादा लोगों की बचा चुके है जान, एटा के आगरा रोड हजारा नहर के पास का मामला।

# दुनिया के किसी भी हिस्से में उड़ान भरने के लिए चंडीगढ़ हवाई अड्डे के लिए सभी स्वीकृतिया




सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना- नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने लुधियाना से क्कआप% सांसद (राज्यसभा) संजीव अरोड़ा को चंडीगढ़ हवाई अड्डे को और अधिक वैश्विक स्थलों से जोड़कर अंतरराष्ट्रीय संपर्क का विस्तार किये जाने के मुद्दे पर जवाब दिया है। अरोड़ा के 12 मई, 2023 के पत्र के संदर्भ में, जिसमें चंडीगढ़ से अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी के विस्तार का मुद्दा उठाया गया था,

केंद्रीय मंत्री ने उल्लेख किया है कि उन्हें सूचित किया गया है कि वर्तमान में, चंडीगढ़ हवाई अड्डे से एयर इंडिया शारजाह के लिए प्रति सप्ताह 2 उड़ानें और इंडिगो दुबई हवाई अड्डे के लिए प्रति सप्ताह 7 उड़ानें संचालित करता है। नागरिक उड्डयन मंत्री ने अरोड़ा को अपने जवाब में आगे लिखा कि इंडियन डेसिग्नेटेड कर्रिएर्स पारस्परिक रूप से सहमत क्षमता सीमा के अनुसार विदेशी देशों के साथ भारत द्वारा संपन्न द्विपक्षीय एयर सर्विसेज एग्रीमेंट (एएसए) के दायरे में चंडीगढ़ सहित किसी भी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से किसी भी विदेशी गंतव्यों के लिए संचालन करने के लिए स्वतंत्र हैं।हालांकि, भारत में किसी भी जगह से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करना मार्ग की आर्थिक व्यवहार्यता और अन्य संबद्ध कारणों के आधार पर विशुद्ध रूप से एयरलाइनों का व्यावसायिक निर्णय है। अपने पत्र के अंत में, केंद्रीय मंत्री ने लिखा है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय जल्द ही भारतीय वाहकों के सहयोग से चंडीगढ़ के लिए और वहां से अंतरराष्ट्रीय परिचालन बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि सरकार ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र के विकास के लिए एक सक्षम वातावरण प्रदान किया है, लेकिन एयरलाइंस की परिचालन योजनाओं में हस्तक्षेप नहीं करती है।

# एटा-कासगंज रेल लाइन विस्तार के साथ एटा-बरहन ट्रैक दोहरीकरण



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- क्षेत्रीय रेल परामर्शदात्री काउंसिल के सदस्यों ने एटा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इसके साथ ही एटा-कासगंज रेल लाइन विस्तार के साथ एटा-बरहन ट्रैक दोहरीकरण किए जाने की भी जानकारी दी। यात्री एवं माल ट्रांसपोर्ट सुविधा बेहतर कराने के लिए ट्रेनों का संचालन बढ़ाने के बारे में भी बताया। रेल मंत्रालय से आए क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री काउंसिल सदस्य संजीव कुमार मिश्रा एवं देवेंद्रपाल सिंह सोलंकी ने स्टेशन अधीक्षक विजय वर्मा और सीनियर सेक्शन इंजीनियर धर्मेंद्र सिंह के साथ एटा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। रेल लाइन का निर्माण कराने के लिए रेल मंत्रालय को प्रस्ताव दिया जा चुका है। दिए गए प्रस्ताव पर उत्तर मध्य रेल मंडल महाप्रबंधक सतीश कुमार ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही एटा से कासगंज के बीच रेलवे लाइन निर्माण का कार्य प्रारंभ होगा। इस कार्य से पहले एटा-कासगंज के बीच पुन सर्वे कार्य कराया जाएगा। रेल परामर्शदात्री काउंसिल के सदस्यों ने यह भी बताया कि एटा से बरहन तक ट्रैक का दोहरीकरण कार्य भी जल्द ही प्रारंभ होगा।

एटा-आगरा और एटा-टूंडला के बीच ट्रेन संचालन भी बढ़ाया जाएगा।

### रेलवे लाइन बनने के बाद बढ़ेंगे उद्योग, व्यापार

क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री काउंसिल सदस्यों ने बताया कि एटा-कासगंज रेल लाइन निर्माण का मुख्य उद्देश्य उद्योग, व्यापार और रोजगार को बढ़ावा देना है। साथ ही इस रेलवे लाइन के बन जाने से पूर्वोत्तर राज्यों की जनता को आसानी से दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे महानगरों से जोड़ा जा सकता है। एटा-कासगंज रेलवे लाइन बनने से बरेली, बदायूं, पीलीभीत, गोलाकुंआ, मैलानी, लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर आदि स्थानों पर आने जाने वाली पैसेंजर और मालगाडियों को दूसरा विकल्प मिलेगा।

### एटा और आगरा सांसद कर रहे विस्तार के प्रयास

रेल परामर्शदात्री काउंसिल सदस्यों ने बताया कि एटा-कासगंज रेल लाइन का जल्द ही विस्तार कराने के लिए क्षेत्रीय सांसद राजवीर सिंह के साथ आगरा सांसद प्रोफेसर एसपी सिंह वघेल भी हर संभव प्रयास करने में जुटे हुए हैं। उनके प्रयासों से जल्द ही सकारात्म परिणाम देखने को मिलेगे

## नशेड़ी लोडर चालक ने ऑटो में मारी टक्कर.आठ बाराती घायल.पांच लोहिया अस्पताल में



हारुन बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- कमालगंज फर्रुखाबाद आज देर शाम हुए भयावह सड़क हादसे में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को आनन फानन में कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया जहां से पांच गंभीर घायलों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गयाकन्नौज जनपद में ऑटो के द्वारा शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बाराती सड़क हादसे में घायल हो गए जिनमे अनीता पत्नी जितेंद्र कुमार निवासी रायपुर फर्रुखाबाद सौम्या पुत्री जितेंद्र स्वाति पुत्री शेरसिंह निवासी करथिया मोहम्दाबाद, सुदामा देवी पत्नी जगरूप निवासी बसा नगला कमालगंज मंजू पाल पत्नी सतीश निवासी मकरंद नगर बसाह, रामबेटी पत्नी सुरेश निवासी कटैया मोहम्दाबाद शामिल हैं सभी लोग ईशापुर निवासी चालक तालिब पुत्र सब्बन के ऑटो से गुरसहायगंज के रामगंज में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे रास्ते में खुदागंज के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार लोडर चालक ने शराब के नशे में होने के कारण गलत दिशा से आकर ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी आनन फानन में घायलों को कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से पांच घायलों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया डॉ विकास पटेल डॉ मानसिंह वर्मा ने उपचार के बाद तीन लोगों को घर भेज दिया




## थाना मऊदरवाजा में बंद चोरी का आरोपी हुआ फरार पुलिस महकमें में मचा हड़कंप

श्यामू जी कश्यप- क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद-आदर्श थाना मऊदरवाजा में बंद चोरी का आरोपी हुआ फरार पुलिस महकमें में मचा हड़कंप पहरे पर तैनात होमगार्ड मेवाराम को हिरासत में लिया मुंशी को किया गया निलंबित बीते तीन जून को ग्राम टीका नगला में दो घरों में हुई चोरी की घटनाएं चोरी के आरोप में पुलिस ने सुदीप पुत्र लालाराम निवासी हाथा इस्लाम खां को किया था गिरफ्तार सूत्रों के अनुसार पुलिस चोर को करीब चार दिन से थाने में रखकर कर रही थी पूछताछ बुधवार को थाने के मुंशी ने चोर से थाना परिसर में पोछा लगाने को कहा पोछा लगाने के दौरान ही चोर मौका पाकर थाने से रफूचक्कर हो गया सीओ सिटी प्रदीप सिंह ने थाने पहुंच कर की जांच पड़ताल पूरे मामले पर अभी जिले के आलाधिकारियों का नहीं आया कोई बयान थाना मऊदरवाजा परिसर का मामला

## खुलेआम मोबाइल फोन पर रिश्वत माँगने वालें जेई इन्तजार अली को सस्पेंड कर दिया

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- बिजली विभाग के लाइनमैन एवं संत का मामला सुर्ख बिजली अधिकारी एवं पीड़ित संत ने लगाये एक दूसरे पर आरोप, मकदमा दर्ज जाँच में जुटी पुलिस बीते दिन शहर के एक संत और बिजली विभाग टीम के बीच चला विवाद अब सुर्ख हो चला हैं। दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे पर गम्भीर आरोप लगाते हुये अपनी अपनी शिकायत पुलिस में की हैं जिसमें एक पक्ष का मुकदमा दर्ज किया जा चुका हैं, जबकि दूसरे पक्ष के मामले की जाँच जारी हैं विजिलेंस का रिश्वतखोर जेई सस्पेंड मामला चीफ एमडी अलीगढ पहुंचा कर की चीफ एमडी से जेई पर कार्यवाही की मांग योगी सरकार में खुलेआम मोबाइल फोन पर रिश्वत माँगने वालें जेई इन्तजार अली को सस्पेंड कर दिया गया दो जून को जलेसर क्षेत्र के नूहखास में बिजली चोरी पकड़ने गई विजिलेंस टीम में एक जिसका नाम इन्तजार अली जेई मामला रफा दफा करने के एवज में 20 हजार की किसान से रिश्वत मांग रहा था। रिश्वत ना देने के चक्कर में 4 लाख जुर्माना लगाने की बात आँडियों में कह रहा था जेई पीडित किसान मुन्ने खाँ ने आँडियों वायरल होते ही भारतीय किसान यूनियन भानू के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने दाबा कर दिया विजिलेंस में तैनात जेई किसानों का शोषण कर रहा हैं। और उन्होने अधिशाषी अभियन्ता व अधीक्षण अभियन्ता से कार्रवाही की मांग कर दी एटा अधीक्षण अभियन्ता ने मामलें को संज्ञान में लेते हुए जेई को सस्पेंड कर दिया हैं?

## तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर हीरालाल बारहसैनी इंटर कॉलेज, जी.टी. रोड, अलीगढ़ पर आयोजित किया गया




क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भारत विकास परिषद, वैभव शाखा, अलीगढ़, का तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर हीरालाल बारहसैनी इंटर कॉलेज, जी.टी. रोड, अलीगढ़ पर आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि माननीय मानवेंद्र प्रताप सिंह, शिक्षक एमएलसी द्वारा फीता काटकर एवम दीप प्रज्जलन कर शुभारंभ किया। प्रांतीय अध्यक्ष संजीव वार्ष्णेय, बैंक एव प्रांतीय महासचिव प्रभात रजनीश, संस्थापक संजीव वैभव, मार्गदर्शक संदीप नक्षत्र, गोल्डी वर्मा, अंकित वार्ष्णेय द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ नीलिमा जोशी द्वारा किया गया। अध्यक्ष सुमित गोटेवाल, सचिव सचिन अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष सुमित साइंटिफिक द्वारा सभी अतिथियों का पटका पहना कर स्वागत किया। मनीषा नक्षत्र, नेहा वार्ष्णेय, रुचि वार्ष्णेय, अमित नवमान, रोहित पीतल द्वारा बच्चों का रजिस्ट्रेशन कर बच्चों को ड्राइंग शीट, फाइल एवं हनुमान चालीसा आदि सामग्री दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम एवं देशभक्ति गीत के द्वारा किया गया। श्रीमती अर्चना माहेश्वरी द्वारा बच्चों को योगा कराया गया,

रुचि गोटेवाल ,प्रमुख द्वारा बच्चों को दैनिक कार्यो से अवगत कराया एवं डॉ विवेक ठाकुर, विवेकानंद कॉलेज के प्रमुख प्रवक्ता द्वारा बच्चों को ऑनलाइन गेम एवं सोशल मीडिया द्वारा हो रहे साइबर क्राइम के बारे में बताया, अन्य तरीकों के बारे में भी बताया मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को अपने परिवार से संस्कारों की शुरुआत करने हेतु अनुरोध किया और कहा गया कि वह सुबह अपने माता पिता को उठकर अभिवादन एवं चरण स्पर्श करें 7 प्रांतीय अध्यक्ष संजीव वार्ष्णेय द्वारा बच्चों को गेम कराए गए शाखा के मार्गदर्शक मनोज वार्ष्णेय, गौरव गुप्ता एल्डरोप द्वारा बच्चों को जूस एवं नाश्ता वितरित किया गया।



## बिजली चोरी पकड़ने पर कर्मचारी पीटे

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-बिजली चोरी पकड़ने के बाद करीब आधा दर्जन लोग बिजली घर पहुंच गए। यहां पर कर्मचारियों के साथ मारपीट कर दी। विरोध किया तो सरकारी दस्तावेजों को फाड़ दिया। धमकी दी कि अगर फिर से मोहल्ला की ओर दिखे तो खैर नहीं होगी। इस मामले में जेई ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली देहात बिजली घर के जेई मनीष कुमार ने बताया कि विजिलेंस टीम ने गांव भगीपुर में चेकिंग की। चेकिंग में कुछ लोगों के यहां पर बिजली चोरी पकड़ी। इस पर कार्रवाई की गई। आरोप है कि मंगलवार की शाम को राजीव पुत्र बनवारी निवासी भगीपुर अपने पांच छह साथियों के साथ बिजली घर पर पहुंच गया। यहां पर लाइनमैन के साथ अभद्रता कर दी। कर्मचारियों के साथ अभद्रता होते देख कुछ लोगों ने विरोध किया तो उन्हें भी धमकी दे दी। आरोप है कि बिजली घर पर रखे सरकारी दस्तावेजों को फाड़ दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जब तक पुलिस पहुंचती तब तक यह लोग जा चुके थे। बिजली कर्मचारियों को धमकी दी गई कि अगर भगीपुर की ओर आए तो छोड़गे। जेई ने कोतवाली नगर में राजीव सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही

# कुशल राजनीतिज्ञ इलियास मंसूरी की मेहनत का नतीजा बन गये सपा के जिला महासचिव

हारुन बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- नेताजी की रैली में जाते वक्त शहादत देने वाले दादा से प्रेरणा लेकर चलने वाले इलियास मंसूरी को अब शिला मिला है

बिना किसी लालच के मेहनत और लगन से पार्टी की सेवा करने का फल मिल गया है प्रदेश नेतृत्व में ने उन्हें जिला महासचिव पद से नवाजा है.श्री मंसूरी अनुभवी जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की प्रेरणा से पार्टी को ऊंचाई पर पहुंचाने की बात कहते हैं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने पार्टी के जिला प्रवक्ता इलियास मंसूरी को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है इसकी भनक लगते ही इलियास के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई.शमसाबाद के अलेपुर निवासी इलियास के दादा नवी आलम भी पक्के समाजवादी थे उनका 19 अक्तूबर 1993 को नेताजी मुलायम सिंह यादव की मोहम्मदाबाद रैली में जाते वक्त रोहिला चौराहे पर ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था करीब 10 दिन कानपुर में इलाज चलने के बाद 29 अक्तूबर को नवी आलम ने अंतिम सांस ली थी दादा के पदचिह्नों पर चले इलियास के पिता अली मोहम्मद भी शमसाबाद के पहले युवजन सभा फिर मुख्य बॉडी के नगर अध्यक्ष रहे दादा के इंतकाल के वक्त इलियास काफी छोटे थे पिता अली मोहम्मद हमेशा लोहिया व नेताजी के बताए रास्ते पर चलने की प्रेरणा देते रहे। इसी का नतीजा रहा कि वह भी दादा और पिता के आशीर्वाद से समाजवादी पार्टी की सेवा में जुट गए इलियास में अनोखी कला मेहनत और लगन के बल पर रूठों को भी अपना बनाने की कला में माहिर इलियास ने पीछे मुड़कर नहीं देखा मौजूदा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव जब लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष बने थे तब उन्होंने इलियास को शमसाबाद लोहिया वाहिनी नगर अध्यक्ष बनाया था इसके बाद श्री मंसूरी यूथ ब्रिगेड जिला सचिव और 2015 में शमसाबाद के नगर अध्यक्ष रहे पार्टी हित में लगन को देखते हुए इलियास को 2017 में जिला सचिव व प्रेस प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई उन्होंने सपा के जेल भरो आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इलियास अपने काम के बल पर जिला ही नहीं प्रदेश स्तर के नेताओं की आंखों के तारे बनते गए उन्होंने निकाय चुनाव में शमसाबाद नगर पंचायत से टिकट के लिए भी आवेदन किया जिले के हर नेता के दिलों में जगह बनाने वाले इलियास को राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने जिला महासचिव की जिम्मेदारी दे दी इलियास का कहना है कि उन्होंने पद के लिए कभी काम नहीं किया वह सपा को अपना घर मानते हैं लिहाजा उसको ऊंचाई पर पहुंचाने में रात दिन एक करके काम करने की कोशिश करता हूं इलियास बताते हैं कि जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने उन्हें उंगली पकड़कर चलाना सिखाया है इसको वह जीवन भर नहीं भूल सकते अनुभवी जिलाध्यक्ष के साथ काम करने का उन्हें सौभाग्य मिला है जो जिम्मेदारी मिली है उसको बखूबी निभाएंगे कुछ ही दिनों में पार्टी की हर स्तर पर सक्रियता नजर आएगी इस वक्त अधिकांश नेता उनसे बड़े हैं सभी की प्रेरणा लेकर पार्टी हित के फैसले लेने में कोई देरी नहीं की जाएगी

# ओड़गी के दूरस्थ क्षेत्र बिहारपुर में दिव्यांग शिविर किया गया आयोजन

रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- कलेक्टर संजय अग्रवाल तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देश अनुसार ओड़गी के दूरस्थ क्षेत्र बिहारपुर में दिव्यांगो को दिव्यांग प्रमाण पत्र तथा छ्ढ्ढछ्ष्ठ छ्त्रक्ष्ठ बनाने हेतु दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बिहारपुर क्षेत्र के 26 ग्राम पंचायतों के कुल 132 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया जिसमें 77 दिव्यांगों को दिब्यांग प्रमाण पत्र वितरण तथा 55 दिव्यांगो के DID CARD हेतु पंजीयन कराया गया। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने पर हितग्राहियों को पेंशन, छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिल पाएगा तथा उनके लिए सहायक उपकरणों का लाभ भी दिया जा सकेगा। जिला के विशेषज्ञ डॉक्टरों की मेडिकल बोर्ड के टीम की उपस्थिति में हाथ, पैर, आंख आदि की दिव्यांगता प्रतिशत का जांच किया गया। 07 बुजूर्ग व्यक्तयों को सहायक उपकरण के रुप में छड़ी का वितरण किया गया। शिविर में जनपद सदस्य श्रीमती देवरजिया जायसवाल, केवलामती साकेत, बसंत गुर्जर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मंगलेश गुर्जर तथा श्रीमती बेनेडिक्ता तिर्की उप संचालक समाज कल्याण, रणवीर साय मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज.पं., संजय शर्मा तहसीलदार बिहारपुर, जनक वर्मा एडीईओ, राकेश चौबे, उग्रसेन तथा बिहारपुर क्षेत्र के सभी सचिव तथा सरपंच उपस्थित रहे।

# विपक्षी एकता के प्रयास पर केंद्रीय मंत्री का तंज, बोले- मोदी-योगी को हराना बच्चों का खेल नहीं



यूपी में जड़े जमाने की कोशिश कर रहे आरपीआई अध्यक्ष ने कहा कि बसपा और मायावती लगभग खत्म हो गए हैं। उनके बड़े नेता भाजपा में चले गए हैं या अन्य दलों में आ गए हैं। आरपीआई में भी बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता और बड़े पदाधिकारी शामिल हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि चरण सिंह सरकार में हाथी चुनाव चिन्ह उनके पास था जिसे बाद में बसपा ने हथिया लिया। उन्होंने कहा कि बसपा ने हमारा हाथी छीना है और हम अपना हाथी वापस पाकर रहेंगे।

केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि मोदी-योगी को हराना आसान नहीं हैं। दोनों नेता पूरी ईमानदारी और दृढ़ता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में बसपा व मायावती की राजनीति खत्म हो रही है। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्ष की एकजुटता के प्रयास पर तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष योगी व मोदी की लोकप्रियता और उनके कद से घबरा गया है। उत्तर प्रदेश में योगी पूरी इमानदारी और दृढ़ता से काम कर रहे हैं। गुंडागर्दी खत्म हो रही है। विपक्ष के लिए मोदी और योगी को शिकस्त दे पाना बच्चों का खेल नहीं है। दिसंबर में बड़ी रैली का ऐलान करते हुए कहा कि यूपी में अगर यह रैली सफल हुई तो दलित और मुस्लिम गठजोड़ की एक नई राजनीति का आगाज होगा जिसका फायदा बीजेपी और एनडीए को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यूपी ने बहन को तो कई बार मौका दिया है, एक बार भाई को भी मौका देकर देखिए। इसी के साथ उन्होंने अगले लोकसभा चुनाव में 304 सीटों पर लड़ने के संकेत दिए। महाराष्ट्र में औरंगजेब के पोस्टर लहराने की घटना पर उन्होंने कहा कि यह सोची समझी साजिश के तहत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके पीछे पाकिस्तान की साजिश हो सकती है और इसकी जांच की मांग उन्होंने केंद्र सरकार से की है।

## रिठौरा -खाईखेड़ा मार्ग का शिलान्यास कर भूले जनप्रतिनिधि

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। लगभग छह माह पूर्व सांसद संतोष कुमार गंगवार ने रिठौरा -खाईखेड़ा मार्ग का शिलान्यास किया था।पूरा रोड़ गड्ढों में तब्दील हो चुका है। ठेकेदार ने खाता से बंजरिया तक पुलिया निर्माण कर ऐसे ही सड़क को छोड़ दिया। बंजरिया में तो जून के महीने में सड़क तालाब बनी हुई है। जुलाई से स्कूल कालेज खुल जाएंगे। ऐसे में बच्चों के साथ बड़े हादसे हो सकते हैं। लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। जिससे बीडीसी सदस्य नाजिम अली, डॉक्टर माजिद अली,कमरूल हसन, रिजवान अली, मोहम्मद राशिद अली, नन्हें अली, प्रताप सागर आदि ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।


## प्रयोगात्मक परीक्षा की समय सारिणी हुई जारी

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली ।बरेली कॉलेज बरेली के रक्षा अध्ययन विषय के समस्त छात्र एवं छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 11.06.2023 दिन रविवार को होनी निश्चित हुई है । एमए,एमएससी अंतिम वर्ष प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक, बीए,बीएससी अंतिम वर्ष एवं बीए,बीएससी द्वितीय वर्ष की 11.30 से अपराह्न 01 बजे को निर्धारित है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एम0 पी0 सिंह के अनुसार उक्त परीक्षाएं वार्षिक परीक्षा वाले विद्यार्थियों के लिए है सेमेस्टर प्रणाली वाले इसमें शामिल नहीं है। सभी परीक्षार्थी अपने फाइल रिकॉर्ड एवं प्रयोगात्मक सामग्री के साथ समय पर रक्षा अध्ययन विभाग में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

## केसीएमटी के रवि शुक्ला को अच्छे पैकेज के साथ मिला जॉब

क्यूँ न लिखूँ सच



रिठौरा ।खण्डेलवाल कॉलेज के एम.बी.ए. के विद्यार्थी रवि शुक्ला को अनस्कूल कम्पनी हैदराबाद में छः लाख पचास हजार रूपये वार्षिक पैकेज के साथ चयनित हुए। इस मौके पर प्रबन्ध निदेशक डा. विनय खण्डेलवाल ने कहा कि के0सी0एम0टी0 हमेशा विद्यार्थियों को अच्छे रोजगार देने के लिए प्रयास करता है। वर्ष में कई बार कैंपस प्लेसमेंट की व्यवस्था संस्थान में की जाती है जिसमें भारत की अच्छी कंपनियों में यहां के विद्यार्थियों को जॉब करने का अवसर मिलता है जिसके लिए प्लेसमेंट टीम बधाई की पात्र है। सभी चयनित विद्यार्थीयो को महानिदेशक डा. अमरेश कुमार ने बधाई दी है।

## पिता की हत्या करने वाले पुत्र को थाना प्रतापपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार



रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दिनांक 08.06.2023 को ग्राम दुरती निवासी जयमंगल ने थाना प्रतापपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 जून के रात्रि में इसका पिता पवनसाय नशे में घर आया और अपनी पत्नी को गाली गलौज करने लगा तो भाई धीरेन्द्र सिंह पिता को गाली गलौज करने से मना किया पर वह नहीं माना तब उसने पिता को हाथ झापड से मारपीट किया फिर भी वह गाली देना बंद नहीं किया तब वह गुस्से में फावड़ा से पिता के सर में प्रहार कर हत्या कर दिया। प्रार्थी की सूचना पर मर्ग कायमी उपरान्त अपराध क्रमांक 122/23 धारा 302 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना प्रतापपुर पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए दबिश देकर आरोपी धीरेन्द्र सिंह पिता स्व. पवन साय उम्र 31 वर्ष को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फावड़ा जप्त कर उसे गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर किशोर केरकेट्टा, प्रधान आरक्षक राजेश यादव, रजनीश त्रिपाठी, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, अवधेश कुशवाहा, हरिशचन्द्र दास व प्रवीण सिंह सक्रिय रहे।

## अब्बू की तलाश में घर से बाहर निकली थी: मासूम पर कुत्तों ने किया हमला, ताऊ की कोशिश के बावजूद जिंदगी हारी नूर

स्वार क्षेत्र के सोनकपुर गांव में पांच वर्षीय बच्ची को गांव के निकट खूंखार कुत्तों के झुंड ने बुरी तरह नोच डाला। चीख पुकार सुनकर बच्ची का ताऊ उधर दौड़ कर आया तब कुत्ते बच्ची को लहूलुहान हालत में छोड़कर भाग गए। गंभीर रूप से घायल बच्ची को जब तक उपचार के लिए सीएचसी लाया गया तब तक वह दम तोड़ चुकी थी। घटना से परिवार में मातम छाया हुआ है। गांव के बाहर कुत्तों का एक झुंड घूम रहा था। खूंखार कुत्तों ने बच्ची को घेर लिया और उसे बुरी तरह नोच दिया। सोनकपुर गांव निवासी



तस्वीर है। वह खेतिहर मजदूर गुरुवार की सुबह लगभग छह बजे मजदूरी करने के लिए घर से निकल गया। उसकी पांच वर्षीय बेटी अल्शिफा नूर सुबह सोकर उठी तब वह अपने पिता को घर में न पाकर अकेली ही गांव के बाहर स्थित अपने खेत पर चली गई। गांव के बाहर कुत्तों का एक झुंड घूम रहा था। खूंखार कुत्तों ने बच्ची को घेर लिया और उसे बुरी तरह नोच दिया। संयोग से उधर से गुजर रहे बच्ची के ताऊ ने जब रोने चिल्लाने और कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनी तो वह दौड़कर उधर गए। कुतों के चंगुल से बच्ची को बचाने के बाद वह उसे लहूलुहान हालत में सीएचसी लेकर पहुंचा, लेकिन यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की गर्दन पर गहरे घाव थे।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
बिना किसी सिक्यूरिटी के डेली अखबार आवश्यकता है
सभी जिलो में ब्यूरो,स्थानीय रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
* वेलकम किट लेना अनिवार्य है
KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

# मणिकर्णिका घाट पर हुआ मां का देहांत, सपने में मां ने कही ये बात,तेलंगाना से काशी साइकिल से आया बेटा



तेलंगाना के रहने वाले गौजूला संबैया अपने दो अन्य साथियों के साथ साइकिल से काशी का भ्रमण एवं बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने आए हैं। तेलंगाना के रहने वाले गौजूला संबैया पुत्र राजलिंगम निवासी दामनापेट थाना मेडिपल्ली जनपद जगत्याल, अपने अन्य दो साथियों के साथ काशी का भ्रमण एवं बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने आए हैं। बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि वो 25 मई 2023 को साइकिल से तेलंगाना से चले थे। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि, मेरी माता जी स्वर्गीय गौजुला गंगाम्मा माह फरवरी में काशी आई थी, जिनका देहावसान मणिकर्णिका घाट पर हो गया था। कुछ समय बाद वो मेरे सपने में आई और उन्होंने साइकिल से काशी दर्शन हेतु प्रेरित किया। अपनी माता के प्रेम एवं उनके स्वप्न में दिए गए आदेश का पालन करने हेतु अपने दो अन्य साथियों के साथ लगभग 1200 किलोमीटर की यात्रा 14 दिवस में साइकिल से पूर्ण कर हम काशी आए। यहां आकर अपनी स्वर्गीय माता जी की आत्मा की शांति हेतु काशी के विभिन्न मंदिरों में दर्शन पूजन किया।%गौजूला संबैया ने बताया कि वो लोग थाना चौक पर विश्राम करने के लिए आए। जिसकी जानकारी होने पर प्रभारी निरीक्षक चौक शिवाकांत मिश्र द्वारा उनको अंगवस्त, रुद्राक्ष माला एवं काशी का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और जलपान कराया। बात करने पर पता चला कि गौजूला सांबैया अपने खर्च पर एक गौशाला चलाते हैं एवं उनके साथ एनरेडी राजी रेड्डी पुत्र राजाराम निवासी ग्राम मन्नेगुद्दम थाना बीमाराम जनपद जगत्याल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं। सम्मान पाकर इनके द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस की भूरि भूरि प्रसंशा की गई और चौक पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# चिकित्सक की करतूत: बुखार की दवा लेने आई थी बीए की छात्रा, डॉक्टर ने की गंदी हरकत; हुआ जमकर हंगामा




मथुरा जिला अस्पताल में आपातकालीन वार्ड में तैनात नेत्र रोग विशेषज्ञ ने कथित तौर पर बीए की छात्रा से छेड़छाड़ कर दी। छात्रा ने परिजन को बताया तो वे अस्पताल पहुंचे और चिकित्सक के साथ मारपीट कर दी। अस्पताल में हंगामा बढ़ता देख पुलिस डॉक्टर को थाने ले आई। यहां छात्रा से पूछताछ के बाद तहरीर दर्ज की है। जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज निकलवाए गए हैं। उधर, इस घटना का वीडियो भी वायरल हो गया है। बीए की छात्रा जिला अस्पताल में बुखार होने पर दवा लेने के लिए आई थी। छात्रा का आरोप है कि यहां एक चिकित्सक ने उसके साथ

## छेड़खानी कर दी। ये है मामला

पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने तहरीर में बताया है कि कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली बीए की छात्रा जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंची थी। उसने बताया कि उसे बुखार है। एक चिकित्सक के देखने के बाद जैसे ही वह नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास पहुंची उसने छेड़छाड़ शुरू कर दी। छात्रा ने आपत्ति की तो चिकित्सक ने प्रतिकूल जवाब दिया। इससे वह उखड़ गई और जिला अस्पताल में ही स्थित पुलिस चौकी पर जाकर चौकी इंचार्ज विजय कुमार से शिकायत की।

## छात्रा ने परिजनों को दी सूचना

चौकी इंचार्ज चिकित्सक के पास पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। इसी बीच छात्रा ने परिजनों को सूचना दे दी। कुछ ही देर में परिजन पहुंच गए और आरोपी चिकित्सक के साथ हाथापाई शुरू कर दी। मामला बढ़ते देख पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई। छात्रा का आरोप है कि चिकित्सक ने उसके साथ छेड़छाड की है। वहीं, चिकित्सक ने बताया कि छात्रा को कोई बीमारी नहीं थी, वह जिला अस्पताल क्यों आई नहीं मालूम। छेड़छाड़ के आरोप निराधार है।

## सीसीटीवी से होगा मामले का खुलासा

कोतवाली प्रभारी के अनुसार उन्होंने दोनों पक्षों की बात सुनी है।

सीसीटीवी फुटेज निकलवाई है। एसपी सिटी मार्तंड प्रताप सिंह ने बताया कि पूरे मामले की छानबीन कर रही है। जांच के बाद दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पति बना ब्लैकमेलर: पहले बनाई फर्जी आईडी...बांट दिया पत्नी का नंबर, फिर करने लगा परेशान, जांच में जुटी पुलिस

कानपुर के हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में पति द्वारा अपनी पत्नी के फर्जी फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर अश्लील वीडियो वायरल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि बीएसएफ में नौकरी करने वाले थरियांव फतेहपुर निवासी उसके पति ने उसके फोटो का इस्तेमाल कर फर्जी अकाउंट बनाया। हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में पति ने फर्जी फेसबुक आईडी बना पत्नी का मोबाइल नंबर बांट दिया। इसके बाद उसे प्रताड़ित कर आत्महत्या लिए मजबूर कर रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके बाद उसे प्रताड़ित कर आत्महत्या लिए मजबूर कर रहा है।

दोनों के बीच पहले से दहेज प्रताड़ना व मेंटनेंस एक्ट के तहत केस चल रहे हैं। केस को वापस लेने के लिए वह इस तरह की हरकतें कर ब्लैकमेल कर रहा। फ्रॉड आईडी से उसने सबको मैसेज किया।

इसमें उसके निजी मोबाइल नंबर को बांट रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि पति की बेहद शर्मनाक हरकत से रिश्ते शर्मसार हुए हैं। महिला का आरोप है कि पति ने उसका मोबाइल नंबर बांट दिया, जिसके बाद उसके फोन पर भद्दे मैसेज आने लगे।

# छेड़खानी का आरोपी पंडा व सपा नेता राज मिश्रा गिरफ्तार, कमरे में की थी गंदी हरकत

विंध्याचल दर्शन करने आए परिवार की बहू के साथ पूजा करने के दौरान छेड़खानी करने के आरोपी पंडा व सपा नेता राज मिश्रा को विंध्याचल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पंडा को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। परिवार के एक व्यक्ति ने बताया कि इसके बाद वे विंध्याचल पहुंचे तो परिचित राज पंडा मिल गया। उनसे उन्होंने कहा कि पत्नी के साथ पूजा करानी है। इस पर वह पंडा अपने गेस्ट हाउस पर ले गया। गेस्ट हाउस पर बाहर शोर हो रहा था। इस पर पंडा ने कहा कि कमरे में पूजा करा दें। उन्होंने सहमति जताई तो कमरे में ले गया। पत्नी से पूजा कराने के बाद कहा कि बहू से पूजा करा दें। अलीगढ़ से एक परिवार सोमवार को वाराणसी घूमने आया। वहां से मंगलवार को दोपहर बाद तीन बजे विंध्याचल पहुंचा। परिवार के लोगों ने मां विंध्यवासिनी, मां अष्टभुजा और मां कालीखोह के दर्शन किए। परिवार के एक व्यक्ति ने बताया कि इसके बाद वे विंध्याचल पहुंचे तो परिचित राज पंडा मिल गया। उनसे उन्होंने कहा कि पत्नी के साथ पूजा करानी है। इस पर वह पंडा अपने गेस्ट हाउस पर ले गया। गेस्ट हाउस पर बाहर शोर हो रहा था। इस पर पंडा ने कहा कि कमरे में पूजा करा दें। उन्होंने सहमति जताई तो कमरे में ले गया। पत्नी से पूजा कराने के बाद कहा कि बहू से पूजा करा दें। इसके बाद बहू को कमरे में ले गया और दरवाजे में कुंडी लगा दी। आरोप लगाया कि राज मिश्रा ने कमरे में बहू के साथ छेड़खानी की। बहू रोने लगी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने राज पंडा के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर लिया। बुधवार को जिलाधिकारी के आदेश पर राज्य अधिकारी सम्बंधित बोर्ड आदि हटाया गया। बृहस्पतिवार को विंध्याचल पुलिस ने छेड़खानी के आरोपी पंडा व सपा नेता राज मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया । एएसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने बताया कि छेड़खानी के आरोपी पंडा राज मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।




# प्यार में मिला धोखा: शादी के चार दिन बाद पति को छोड़ प्रेमी से की कोर्ट मैरिज, अब दोस्तों को भेजी अश्लील फोटो

यूपी के झांसी में प्रेम में धोखेबाजी का मामला सामने आया है। एक पत्नी ने जिस प्रेमी के लिए शादी के महज चार दिन बाद पति को छोड़ दिया था। वो धोखेबाज निकला। युवती का आरोप है कि प्रेमी ने उसकी अश्लील तस्वीरें सहेलियों और रिश्तेदारों को भेज दीं और फेसबुक पर भी वायरल कर दी झांसी के प्रेमनगर इलाके में रहने वाली एक युवती ने पति को छोड़कर प्रेमी संग कोर्ट मैरिज कर ली। कुछ समय बाद ही दोनों के बीच अनबन होने लगी। युवती का आरोप है कि प्रेमी ने उसकी अश्लील तस्वीरें फेसबुक पर वायरल कर दीं। उसकी सहेलियों और रिश्तेदारों को भी तस्वीरें भेज दीं। प्रेमी की इस हरकत के बाद युवती ने आरोपी के खिलाफ प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रेमनगर के खेरा इलाका निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि 30 दिसंबर 2021 को उसका विवाह समथर निवासी एक युवक से हुआ था। विवाह के चार दिन बाद ही वह अपने चिरगांव निवासी प्रेमी के साथ भाग गई। दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली। दोनों खेरा में किराये का मकान लेकर रहने लगे। पीड़िता के मुताबिक कुछ दिनों तक सब सही चलता रहा लेकिन, कुछ दिनों बाद प्रेमी से उसका विवाद शुरू हो गया। प्रेमी उसे बात-बात पर ताना देने लगा। विवाद बढ़ने के बाद कुछ दिन पहले उसने फेक फेसबुक आईडी बनाकर उसकी अश्लील तस्वीरें वायरल कर दीं। यह तस्वीरें उसने उसकी सहेलियों समेत परिजनों को भी भेज दीं। इंस्पेक्टर आनंद सिंह के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 506 समेत 67 ए के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।




# लखनऊ में सनसनीखेज वारदात: दुष्कर्म के बाद हथौड़े से वार कर 12वीं की छात्रा की हत्या, फिर फंदे पर लटकाया शव

लखनऊ के इंदिरानगर में 12वीं की एक छात्रा का शव घर में फंदे से लटकता मिला है। किशोरी की मां ने एक किशोर पर दुष्कर्म व हत्या का केस दर्ज करवाया है। इंदिरानगर इलाके में इंटर की एक छात्रा का शव उसके घर में फंदे से लटकता शव मिला। मां ने एक किशोर पर बेटी से दुष्कर्म के बाद हत्या का केस दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए आरोपी ने बेटी के शव को फंदे से लटका दिया। किशोरी के परिजनों का कहना है कि आरोपी उनकी बेटी को कई दिनों से परेशान कर रहा था। वह घर पर अकेली थी। इस बीच वह घर में घुस आया और किशोरी से दुष्कर्म के बाद उसकी हथौड़े से वार कर हत्या कर दी। डीसीपी नॉर्थ कासिम आब्दी ने बताया कि किशोरी के परिजनों की तहरीर पर दुष्कर्म और हत्या की एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह पता चल सकेगी। देर रात पुलिस ने आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया। आरोपी का कहना है कि किशोरी ने फांसी लगाई है।



# आम तोड़ने को लेकर चाचा-भतीजे के बीच खूनी संघर्ष, बल्लम घोंपकर एक की हत्या, चार घायल

मीरगंज थाना क्षेत्र के कमासिन नरवापर में बृहस्पतिवार की सुबह भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में खुनी संघर्ष हो गया। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर बल्लम से हमला कर दिया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। दोनों पक्ष से कुल चार लोग घायल हैं। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। कमासिन गांव निवासी गांव के 38 वर्षीय गिरिजाशंकर प्रजापति का अपने चाचा से आम तोड़ने को लेकर विवाद हो गया। इसी बात को लेकर सुबह करीब आठ बजे दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई। इसी दौरान आरोप है कि चाचा व उसके परिजन ने बल्लम से हमलाकर गिरिजाशंकर प्रजापति, रुद्र प्रताप प्रजापति व रामजीत प्रजापति को घायल कर दिया। कमासिन गांव निवासी गांव के 38 वर्षीय गिरिजाशंकर प्रजापति का अपने चाचा से आम तोड़ने को लेकर विवाद हो गया। इसी बात को लेकर सुबह करीब आठ बजे दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई। इसी दौरान आरोप है कि चाचा व उसके परिजन ने बल्लम से हमलाकर गिरिजाशंकर प्रजापति, रुद्र प्रताप प्रजापति व रामजीत प्रजापति को घायल कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल भेज दिया। वहां इलाज के दौरान गिरिजाशंकर प्रजापति की मौत हो गई। गिरिजा शंकर के सीने में बाईं तरफ बल्लम से गहरी चोट आई थी। रुद्र प्रताप व रामजीत की भी हालत गंभीर बनी हुई है। दूसरे पक्ष से दो लोग घायल हुए। थानाध्यक्ष मीरगंज बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि एक पक्ष से तीन और दूसरी पक्ष से दो लोग घायल हैं। एक व्यक्ति की जिला अस्पताल में मौत हो गई। दोनों पक्ष से तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# भाषा विवि : 84 अभ्यर्थियों में से सिर्फ चार ही पीएचडी प्रवेश परीक्षा में हुए सफल

भाषा विश्वविद्यालय में पीएचडी के लिए हुई प्रवेश परीक्षा में 84 में से सिर्फ चार अभ्यर्थी सफल हुए हैं। कम अभ्यर्थियों के कारण अब सीटें खाली रह जाएंगी।भाषा विश्वविद्यालय में हुई पीएचडी प्रवेश परीक्षा में महज चार अभ्यर्थी ही सफल हुए हैं। 26 सीटों पर दाखिले के लिए 12 मई को हुई लिखित परीक्षा में 84 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। यह परीक्षा परिणाम इसलिए भी चौंकाने वाला है, क्योंकि इसमें पीजी के साथ नेट पास अभ्यर्थी भी शामिल हुए थे। कम अभ्यर्थियों के सफल होने से अब सीटें खाली रह जाएंगी।भाषा विवि ने दिसंबर 2022 में पीएचडी की 30 नियमित और नौ पार्ट टाइम सीटों के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसके बाद विश्वविद्यालय की ओर से नया पीएचडी अध्यादेश लागू करने से कुछ पाठ्यक्रमों की सीटों में बदलाव कर दिया गया था। नए अध्यादेश के बाद 26 नियमित सीटें रह गई थीं। इन पर प्रवेश के लिए 84 आवेदकों ने परीक्षा दी थी। इनमें से सिर्फ चार मो. इब्राहिम-उर्दू, ममता सिंह धांगर-शिक्षा शास्त्र, शादाब सुहैल-वाणिज्य और प्रेम कुमार-वाणिज्य का चयन साक्षात्कार के लिए हुआ है। 40 फीसदी अभ्यर्थियों ने छोड़ दी प्रवेश परीक्षा- भाषा विश्वविद्यालय में नियमित और पार्ट टाइम सीटों पर कुल 139 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इसके बाद 40 फीसदी अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी और महज 84 ही इसमें शामिल हुए। जेआरएफ वाले सीधे साक्षात्कार में लेंगे भाग विश्वविद्यालय के पीएचडी अध्यादेश में जेआरएफ वाले अभ्यर्थियों को सीधे साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति दी गई है। आवेदकों में 10-11 छात्र जेआरएफ उत्तीर्ण हैं। ये सीधे साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लें सकेंगे। किन सीटों पर कितने आवेदन- विषय -- सीटें आवेदक -- प्रवेश परीक्षा में उपस्थितअरबी -- 07 -- 13 -- 08 उर्दू -- 08 -- 59 -- 34 बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन -- 01 -- 13 -- 07 कॉमर्स -- 02 -- 28 -- 17 कंप्यूटर साइंस -- 02 -- 5 -- 4 एजुकेशन -- 02 -- 9 -- 5 अंग्रेजी -- 03 12 -- 10 गृहविज्ञान -- 01 -- 0 -- 0 गुणवत्तापूर्ण शोधार्थी चाहिए- भाषा विवि के कुलपति प्रो. एनबी सिंह का कहना है कि विश्वविद्यालय में हमें गुणवत्तापूर्ण शोधार्थी चाहिए। प्रवेश परीक्षा में 50 फीसदी नंबर लाने की अनिवार्यता है। निगेटव मार्किंग भी थी। संभव है कि इसी वजह से पास प्रतिशत काफी कम रहा हो। जो अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए हैं, उन्हें ही साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति होगी।

# Travis Head made many records with a century, the biggest partnership in the final of an ICC tournament

Travis Head is the first player to score a century in the final of the World Test Championship. With this, he has joined the exclusive club of Clive Lloyd and Sachin Tendulkar. The final match of the 2021-23 cycle of the World Test Championship is being played at The Oval in England. Teams of India and Australia are face to face to become Test champions. At the end of the first day's play, Australia have scored 327 runs for three wickets and are in a better



position in the title match. Travis Head scored 146 and Steve Smith scored 95 runs for Australia. India had dropped Australia's three wickets for 76 runs. After this, Travis Head, who came to bat, scored fast runs and brought his team to a very strong position. Along with scoring a century in this match, Travis Head made many records in his name. He is the first batsman to score a century in the final of the World Test Championship. No batsman was able to score a century in the first final of the Test Championship. At present, the biggest score in the final of the Test Championship is also in the name of Head. He is still unbeaten and will have a chance to score a double century on the second day. Joining the club of Sachin and Clive Lloyd – Travis Head has also joined the list of batsmen to score the first century in a knockout match of an ICC tournament. The first century in the knockout match of the ODI World Cup was scored by West Indies veteran batsman Clive Lloyd. At the same time, in the knockout match of the Champions Trophy, the first century came from the bat of India's Sachin Tendulkar. Now Travis Head has scored the first century of the Test Championship. The biggest partnership in the final of an ICC tournament – In this match, Travis Head and Steve Smith shared a 251-run partnership for the fourth wicket. With this, this pair has made a world record. This is the highest partnership in the final of an ICC tournament. Earlier in the 2003 World Cup, Adam Gilchrist and Matthew Hayden shared an unbeaten 234-run partnership against India. Now Smith and Head will have a chance to increase this partnership on the second day of the match.

# Ashwin's lack on the first day, Gavaskar said - Five left-handed batsmen in AUS, then why not given a chance?

Sunil Gavaskar, one of India's greatest batsmen and Sourav Ganguly, one of the most successful captains, criticized Team India's decision to drop Ashwin during the commentary. The final of the World Test Championship is being played between India and Australia. Team India has not included Ravichandran Ashwin in the playing-11 and has taken the field with only one spinner in the form of Ravindra Jadeja. A lot of questions are being raised on this decision of Captain Rohit Sharma and the Indian team management. Many former




veteran cricketers believe that how can one get the world's number one Test bowler out in an important match like the final. Sunil Gavaskar, one of India's greatest batsmen, criticized Team India's decision to exclude Ashwin during the commentary. He said- There are five left-handed batsmen in the Australian team. These include David Warner, Usman Khawaja, Travis Head, Alex Carey and Mitchell Starc. Despite this, there is no off-spinner in your team? Why is it like this? This decision is incomprehensible. At the same time, Harbhajan Singh, who was doing commentary with Gavaskar, also supported Gavaskar. Michael Vaughan also expressed his displeasure - Apart from this, many other former cricketers have also expressed their displeasure over the decision not to feed Ashwin on social media. These include former England captain Michael Vaughan. Vaughan tweeted and wrote – There is no Ashwin in the Indian team. This is a big mistake. At the same time, Sourav Ganguly also called the decision wrong. Ganguly, part of the commentary panel for the final, said – I do not believe in thinking what will happen later. As a captain, you take decisions before the toss and India decided to go with four fast bowlers. Ganguly and Ponting said this - Ganguly said - in the last few years they have got success with four fast bowlers. He has won Test matches. Every captain is different. Rohit and I think differently. If you ask me, it would have been difficult for me to keep a quality bowler like Ashwin out of the playing-11. Ganguly said- If you have bowlers like Ashwin, Harbhajan Singh and Anil Kumble in the team, no matter what the condition, it is necessary to feed them. At the same time, former Australia captain Ricky Ponting said – As the game progresses, I think the attitude of the pitch will change. Ashwin could have troubled the left-handed batsmen, but he is not in the team. What happened in the match? - Talking about the match, Indian captain Rohit Sharma won the toss and decided to bowl first. Team India has reached the final of the World Test Championship for the second time in a row. New Zealand defeated India by eight wickets in the final of the first edition played in 2021. At the same time, the Australian team is playing the final of the World Test Championship for the first time. India had dropped Australia's first three wickets for 76 runs. Mohammad Siraj got Usman Khawaja (0) caught by wicketkeeper Bharat. Shardul Thakur also got David Warner caught by Bharat. He could score 43 runs. At the same time, Shami clean bowled Marnus Labushen. He could score 26 runs. However, after this Steve Smith and Travis Head batted brilliantly and did not let any wicket fall. Head and Smith shared an unbeaten partnership of 251 runs. Head is unbeaten on 146 and Smith is unbeaten on 95. This was the time when Team India missed Ashwin.

# Farooq Engineer said - The world is jealous of IPL, it is necessary to save the test on the matter of happiness

The WTC final is being played at the Oval where India won its first Test match in England in 1971. Engineer scored 59 in the first innings of that match to play a key role in India's victory.Former India wicket-keeper batsman Farooq Engineer is happy to see the world envy the immense success of the Indian Premier League (IPL). But he also wants the stakeholders of the game to take concrete steps to get Test cricket out of danger. Financially strong India, England and Australia are committed to Test cricket but players from smaller countries are preferring to play in franchise leagues around the world as they earn handsomely from there. Test cricket in danger, says engineer It's not a good thing to have. It is good that the game is spreading across the globe through T20 but Test cricket should not be sacrificed for this. "That's why the World Test Championship shows the world that Test cricket can be as interesting as limited overs cricket," he said. The 85-year-old engineer, who arrived in London from Manchester to watch the final of the World Test Championship (WTC) between India and Australia, said – it is like a game of chess



which depends on the circumstances. There is a real test of the batsmen in this. There should be enough space for both Test and limited overs cricket. The WTC final is being played at the Oval where India won its first Test match in England in 1971. Engineer played a key role in India's victory by scoring 59 runs in the first innings of that match. Cricketers used to get 50 rupees a day then - Farooq has played cricket in those days when cricketers used to earn 50 rupees a day. He is happy that the present generation cricketers are earning crores in IPL. Engineer said- India has progressed in test cricket and in limited overs cricket we have IPL which is the envy of the world. The reins of cricket are in the hands of Indian cricket and it makes me very happy. He said, I watch cricket all the time. It's in my blood. Cricket is an Indian game which accidentally originated in Britain. Cricket was very popular earlier also but with T20 it is spreading in all the countries of the world. Big money is available in IPL. We used to get 50 rupees per day to play five days test match. Got a message to postpone the victory to save one day's allowance- The engineer also narrated an interesting anecdote on this occasion. He said, I remember I was batting with Sunil Gavaskar and we needed 15 to 20 runs in the last half an hour of the fourth day. We were getting messages from the dressing room that don't finish the match today as it will cost us the allowance for the fifth day. We didn't play for money. We used to play for respect. It's too early to compare Gill with Virat- Legendary wicket-keeper-batsman Engineer Runmachine is a big fan of Virat Kohli and believes that he has found form through IPL. He also lauds young batsman Shubman Gill, who has had a stellar 12 months in international cricket. Engineer says that both Virat and Gill have proved that technique is of great importance even in the shortest format. However, he said that it is too early to compare Shubman with Virat. There are many years of cricket left in Virat and he will set new milestones. He doesn't need to prove anything anymore. I hope that Gill will be able to perform well in Tests as well. Should have been a practice match - Regarding the forecast for the final of the World Test Championship, he said that being an Indian, I would like Team India to win but I believe that Before such an important match, there should have been a warm-up match which would have given advantage to both the teams.

# Gadar 2: When Sunny Deol-Ameesha were seen holding arms in Gurdwara, SGPC got angry, now Anil Sharma apologized

Gadar 2 Controversy Controversy has started even before the release of Sunny Deol and Ameesha Patel's film Gadar 2. The Shiromani Gurdwara Parbandhak Committee (SGPC) objected to a scene in the film, after which director Anil Sharma had to apologise. The sequel of Sunny Deol's blockbuster Gadar is all set to hit the theaters soon. Even before the release of the film, controversy has started regarding it. Recently, the Shiromani Gurdwara



Parbandhak Committee (SGPC) objected to a scene in the film. The SGPC also demanded action against the actor and director of the film. Director Anil Sharma has now presented his clarification regarding this. Uproar started regarding Gadar 2. Anil Sharma has posted a statement on Twitter in which he said that he does not want to hurt anyone's religious sentiments. In the caption, he wrote- Some misunderstanding about the shoot of Gadar 2 in Chandigarh Gurdwara Sahib, some friends had .. my clarification presentation about that.. "Sab Dharma Sambhav, Sab Dharma Sadbhav" this is the lesson I have learned This is the mantra of the unit of Hamari Gadar 2. SGPC objected – In the post, they have written that the scene going viral on social media has been shot in the outer part of the Gurudwara. I and my entire unit respect everyone's religious sentiments. We have no intention to hurt anyone, but if this has happened, then I apologize to those who have been hurt. Filmed in Gurudwara. In this scene, Sunny Deol and actress Ameesha Patel are seen hugging each other. This clip is becoming quite viral on social media. In which the people standing behind are also seen cheering him. SGPC General Secretary Gurcharan Singh Grewal reacted to this and said- Sunny Deol is filming such a scene in the premises of the Gurdwara. Both are giving such poses which should not happen in the Gurudwara under any circumstances.

# Arshad is ready to rock the big screen again with 'Jolly LLB 3', know when the shooting will start?

A big information has come to the fore regarding 'Jolly LLB 3'. Seeing the stupendous success of the last two films of this franchise, the makers are now all set to bring Akshay Kumar and Arshad Warsi together on the big screen. Yes, you heard it right, Jolly of Part-1 and Part-2 will now be seen advocating together on the silver screen. This time in the film, there will be a face-off between the two Jolly. Arshad Warsi himself has confirmed the matter of working in this film. Recently, during an interview, he gave many information related to this film. The actor told that the work on the third part of the film is going on. Also, he also said that Munna Bhai 3 is not being made at the moment. The actor said that Sanjay Dutt, Rajkumar Hirani, Vidhu Vinod Chopra and he wanted to do it, but couldn't. However, 'Jolly LLB 3' is definitely under consideration and the film will go on floors next year. He also said that he hopes that one day, he will get a call from Rohit Shetty that he is shooting for Golmaal 5 in Goa. Please tell that this will be the second time when Arshad Warsi is going to be seen with Akshay Kumar.



Earlier both have shared screen space together in 'Bachchan Pandey'. Everyone had high expectations from this masala film, but the film flopped badly at the box office. Significantly, Arshad's web series 'Asur 2' has been released recently. This show is very much liked by the audience. Arshad has appeared in the role of a CBI officer in the series. With this role, he is getting a lot of appreciation from the people.

# Vicky Kaushal reveals the secrets of Ranbir Kapoor

Zara Hatke Zara Bachke Actor Vicky Kaushal Vicky Kaushal spoke about Ranbir Kapoor during the promotion of his film Zara Hatke Zara Bachke. Where he revealed an odd and childish habit of Ranbir.Vicky Kaushal is currently promoting his recently released film Zara Hatke Zara Bachke. Till now the actor has been a part of many events and press conferences. At the same time, in a similar interview, Vicky Kaushal talked about Ranbir Kapoor and revealed some of his interesting secrets.Vicky revealed Ranbir's secrets.Vicky Kaushal and






Ranbir Kapoor worked together in the 2018 Sanjay Dutt biopic Sanju. During this both of them spent a lot of time with each other. During the promotion of Zara Hatke Zara Bachke, in a conversation with a channel, Vicky Kaushal told about Ranbir Kapoor's Ek Hatke and Ek Bachke habit. Talking about the Tu Jhoothi Main Makkar actor's quirky habits, Vicky said that whenever Ranbir worked hard for any of his roles, he would never let it show on the sets. This is the biggest quality of Ranbir.Vicky said, "Ranbir is one of my favorite actors. The most unique thing about Ranbir is that he remains secure as a person and as an actor. He is very secure and when he works hard for a role, He never brings it on the set. As an actor, he never shows that look I am working so hard. He doesn't take it seriously. Whatever he does, he does it behind the scenes and on the set he only work, which is fantastic." Ranbir is the gossip queen - Talking about Ranbir Kapoor's childish habit, Vicky revealed that the actor sometimes tells something and says that I am only telling you and no one should know. Later it is revealed that he himself has told this thing to half the world. Vicky revealed the poll- Vicky said, "Ranbir's childish thing is that he will tell you that 'friend, I am telling you one thing' , Don't tell anyone. I am only telling you.' And you will be worried that if this thing gets out somewhere, then my bill will burst as to whom I must have told it. Then you realize that at least 150 people already know about this. And to these 150 people he has told that Don't tell anyone brother, I just told you."

# Will Sara Ali follow in the footsteps of grandmother Sharmila and marry a cricketer?

## Surprised everyone with the revelations

Bollywood actress Sara Ali Khan is in headlines these days for her film 'Zara Hatke Zara Bachke'. Sara is one of the favorite actresses of the young generation. At the same time, the actress has been seen grabbing limelight for her personal life for some time now. Sara's name is being linked with cricketer Shubman Gill. Meanwhile, the actress has made a big disclosure about her marriage and partner, which has created a stir on social media. In a recent interview, Sara Ali Khan was asked if she would follow grandmother Sharmila Tagore's footsteps and marry a cricketer. So Sara said that she does not care about the profession of a person, but what she considers most important is the matching of intellectual and mental levels. Sara Ali Khan said, 'I think the kind of person I am human, I want such a person. I don't care whether the person is an actor, cricketer, businessman, doctor... maybe not a doctor, they will run away. However, the truth is that apart from joking, he would need to match me on a mental and intellectual level. If this thing is found, then it means more to me than the profession.'Sara Ali Khan was also asked if she would like to date any player of the current Indian cricket team. On this, the actress said that she has not yet met anyone with whom she can settle down. Sara Ali Khan added, 'I'll be honest with you, I think and I can say this with almost assurance, I think I haven't met the person I want to settle down with in my life' Talking about Sara Ali Khan, she was spotted in the past with cricketer Shubman Gill from dinner date to airport. After this, the news of their dating caught fire. The rumors got further fueled after Shubman Gill mentioned Sara as his favorite actress in Sonam Bajwa's talk show. However, both of them unfollowed each other on Instagram last day, since then it is believed that Sara and Shubman have parted ways.



## सीएमसी और सेंट्रल लंकाशायर विश्वविद्यालय ने स्वास्थ्य विभाग, पंजाब के डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों के लिए स्ट्रोक प्रबंधन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया


सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना- सीएमसी ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में सेवारत डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों के लिए स्ट्रोक प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन सेंट्रल लंकाशायर विश्वविद्यालय द्वारा किया गया । इस प्रशिक्षण सत्र में डायरैक्टर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पंजाब डा. आदर्शपाल कौर मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं। इस संबंध में जानकारी देते हुए डायरैक्टर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पंजाब डॉ. आदर्शपाल कौर ने कहा कि स्ट्रोक या ब्रेन अटैक भारत में मौत और अपंगता के प्रमुख कारणों में से एक है। दुनिया भर में हर साल लगभग साढ़े पांच लाख लोग स्ट्रोक से मरते हैं और सभी स्ट्रोक से होने वाली मौतों में से 13त्न भारत में होती हैं। लुधियाना में प्रति 100,000 जनसंख्या पर स्ट्रोक के 140-195 नए मामले सामने आते हैं। शहरी लुधियाना की तुलना में ग्रामीण इलाकों में स्ट्रोक के मामलों की संख्या अधिक है। स्ट्रोक के 22% रोगियों की मृत्यु एक महीने के बाद हो जाती है जो रोगियों को अपर्याप्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने का संकेत देता है।

न्यूरोलॉजी विभाग, क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, भारत में स्ट्रोक की देखभाल में सुधार के लिए वैश्विक स्वास्थ्य अनुसंधान समूह, सेंट्रल लंकाशायर विश्वविद्यालय, प्रेस्टन, यूनाइटेड किंगडम और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, पंजाब के सहयोग से इस प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। भारत और यूके की एक शोध टीम ने देश के कई स्ट्रोक केंद्रों में परियोजनाएं शुरू की हैं। यह कार्यशाला क्षमता निर्माण उपायों के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में सुधार के लिए पंजाब सरकार की एक पहल है। लुधियाना और पीजीआई चंडीगढ़ के जिला अस्पतालों और सरकारी मेडिकल कॉलेजों, निजी मेडिकल अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के मेडिकल और न्यूरोलॉजी विशेषज्ञों, आपातकालीन चिकित्सा अधिकारियों और नर्सों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. हतिंदर कौर, सिविल सर्जन, जिला लुधियाना, डॉ. संदीप सिंह गिल, सहायक निदेशक और राज्य कार्यक्रम अधिकारी, एनपीएनसीडी, राजिंदर गुप्ता, चेयरमैन एमेरिटस, ट्राइडेंट ग्रुप इस सत्र में विशेष अतिथि थे और पद्मा।

# याचिकाकर्ता राखी सिंह ने राष्ट्रपति से मांगी थी इच्छा मृत्यु, कल सुबह 9 बजे के बाद क्या होगा



ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले की वादिनी राखी सिंह ने बीते बुधवार को राष्ट्रपति के नाम पत्र लिखकर इच्छा मृत्यु की अनुमति की मांग की थी। उन्होंने लिखा था कि 9 जून की सुबह 9 बजे तक राष्ट्रपति का कोई जवाब नहीं मिला तो वह अपना फैसला लेने के लिए स्वतंत्र हैं।वाराणसी के बहुचर्चित ज्ञानवापी-मां श्रृंगार गौरी की वादिनी राखी सिंह ने राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की अनुमति देने की मांग की है। उसकी मियाद शुक्रवार सुबह नौ बजे पूरी हो जाएगी। राखी सिंह का कहना है कि यदि निर्धारित समय तक राष्ट्रपति का कोई आदेश नहीं मिला तो वह अपना फैसला लेने के लिए स्वतंत्र हैं।राखी सिंह ने बीते मंगलवार को एक पत्र जारी किया था। राखी के अनुसार, वह मां श्रृंगार गौरी से संबंधित मुकदमे की मुख्य वादिनी हैं। मई 2021 से मुकदमे से जुड़ी उनकी सहयोगी महिलाओं और अधिवक्ता पिता-पुत्र के अलावा कुछ लोग उनके चाचा जितेंद्र सिंह विसेन और चाची किरन सिंह विसेन के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। इस काम में शासन-प्रशासन के भी कुछ लोग भी शामिल हैं। मई 2022 में उन्हीं लोगों ने झूठा प्रचार किया कि राखी सिंह श्रृंगार गौरी का मुकदमा वापस ले रही हैं, जबकि ऐसी




कोई बात उनकी ओर से नहीं कही गई थी। मुझे और मेरे परिवार को गद्दार घोषित करने का प्रयास हुआ उन्हें और उनके परिवार को हिंदू समाज में लगातार गद्दार घोषित करने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञानवापी परिसर से संबंधित मुख्य मुकदमा भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान सहित अन्य मुकदमों को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। यह ऐसे मुकदमे थे, जिनसे ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को प्राप्त हो सकता था। इन घटनाओं से वह मानसिक दबाव में हैं। अब बर्दाश्त नहीं हो रहा है। इसलिए उन्होंने राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। उधर, इस संबंध में बात करने पर विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन ने कहा कि मैं दिल्ली में हूं और हमारी बेटी राखी सिंह हमारे ही पास है। उसे समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

## लुधियाना में वक्फ बोर्ड के लाखों का डेवलपमेंट प्रोजेक्ट जारी, कब्रिस्तान रिजर्व करने के साथ एजुकेशन और मस्जिदों को जारी कर रहा एड- फारुकी

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना- पंजाब वक्फ बोर्ड की तरफ से लुधियाना सर्कल में लगातार डेवलपमेंट वर्क को बढ़ाया जा रहा है। सेशन 2022-23 में लुधियाना सर्कल ने पंजाब में सबसे ज्यादा पंजाब वक्फ बोर्ड के लिए करीब 8.80 करोड़ रुपए का रेवेन्यू इकट्ठा किया था। लुधियाना में एजुकेशन, मस्जिदें, मदरसों सहित कब्रिस्तानों को लेकर लगातार डेवलपमेंट वर्क किया जा रहा है। पंजाब वक्फ बोर्ड में जब से एडीजीपी एमएफ फारुकी आईपीएस की तरफ से एडमनिस्ट्रेटर का पदभार संभाला गया है तब से अब तक लाखों रुपए के वर्क मुकम्मल करवाए गए है और कई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट शुरू हो चुके है। लुधियाना सर्कल में 13 मस्जिदों व मदरसों को 13.25 लाख रुपए के डेवलपमेंट प्रोजेक्ट को लेकर फंड जारी किया गया था जो खर्च कर लिया गया है। लुधियाना सर्कल के एस्टेट अफसर मोहम्मद आयूब ने बताया कि एडमनिस्ट्रेटर एमएफ फारुकी की अगुआई में हम लगातार बेहतर काम कर रहे है। पिछले दिनों लुधियाना सर्कल में कई बेहतर काम हुए है। पंजाब वक्फ बोर्ड की तरफ से नया टार्गेट 15 करोड़ रुपए रखा गया है जिसे पूरा करने के लिए सभी मुलाजिम दिन-रात मेहनत कर रहे है। लुधियाना सर्कल में कई मस्जिदों और कब्रिस्तानों सहित नई एड के लिए फाइलें उनके पास पहुंच रही है जिस पर जलद फैसला लिया जाएगा।एडमनिस्ट्रेटर एमएफ फारुकी आईपीएस ने बताया कि पंजाब वक्फ बोर्ड में पार्दर्शिता लाने के साथ मुस्लिम समुदाय की हर मांग को पूरा किया जा रहा है। कब्रिस्तानों को रिजर्व करना, मस्जिदों की डेवलपमेंट और एजुकेशन पर हमारा मुख्य फोकस है। सूबे में जितने लोग भी अवैध तरीके से बोर्ड की जगहों पर काबिज है उन्हें कानूनी रुप से लीज दी जा रही है। लुधियाना सहित पूरे पंजाब में हमारे बेहतरीन काम चल रहे है।



## विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के सभी डिपो पर सुचारू रूप से गेहूं वितरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है

सत पाल सोनी-क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना- विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत स्मार्ट राशन कार्ड योजना के पात्र हितग्राहियों को गेहूं का निःशुल्क वितरण विधानसभा क्षेत्र उत्तरी लुधियाना के सभी डिपुओं पर ई-पॉज मशीनों के माध्यम से शुरू किया गया । इस मौके पर आम आदमी पार्टी के युवा नेता अमन बग्गा सहित पूरी टीम मौजूद रही। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी कोटा एवं निर्देशों के दृष्टिगत प्रत्येक पात्र हितग्राही का देय गेहूँ अवमुक्त किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आप लाभार्थियों को कोटे का एक-एक दाना उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है । इस मौके पर उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को भी सुना और मौके पर ही उनका समाधान किया। उन्होंने कहा कि गेहूं वितरण में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर इसे वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाकर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## विजीलैंस ब्यूरो द्वारा कूड़ा उठाने वाले से 4000 रुपए रिश्वत लेता सैनेटरी इंस्पेक्टर काबू

सत पाल सोनी-क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना- -राज्य में भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ शुरु की मुहिम के अंतर्गत पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने आज नगर निगम, लुधियाना ज़ोन- डी में तैनात सैनेटरी इंस्पेक्टर जतिन्दर विज्ज को 4000 रुपए रिश्वत लेते हुऐ काबू किया है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुऐ विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त सैनेटरी इंस्पेक्टर को प्रेमी राम निवासी टावर कालोनी, नज़दीक अनाज मंडी, लुधियाना ( जो मूल रूप में गाँव हिन्दबाठी, ज़िला दमो, मध्य प्रदेश का निवासी है ) की शिकायत पर काबू किया गया है। इस सम्बन्धी और जानकारी देते हुये उन्होंने बताया कि उक्त शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच करके दोष लगाया कि वह बस स्टैंड लुधियाना के नज़दीक कूड़ो के ढेर में से काँच की बोतलें, प्लास्टिक और लोहे का सामान इकट्ठा करता था और उक्त सैनेटरी इंस्पेक्टर उससे यह फ़ाल्तू सामान इकट्ठा करने बदले 15,000 रुपए प्रति महीना रिश्वत की माँग करता था। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि उक्त मुलजिम पहले ही उससे रिश्वत की पहली किश्त के तौर पर 8000 रुपए ले चुका है और अतिरिक्त पैसों की माँग कर रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि दोषों की प्राथमिक पड़ताल के उपरांत लुधियाना रेंज की विजीलैंस टीम ने जाल बिछाया और उक्त इंस्पेक्टर को दो सरकारी गवाहों की हाज़िरी में शिकायतकर्ता से रिश्वत की दूसरी किश्त के तौर पर 4000 रुपए लेते हुये मौके पर ही काबू कर लिया गया है। इस मामले में इस सैनेटरी इंस्पेक्टर के ख़िलाफ़ विजीलैंस ब्यूरो थाना लुधियाना रेंज में भ्रष्टाचार रोकथाम एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है। उसे कल स्थानीय अदालत में पेश किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस मामले की आगे जांच जारी है।

## लुधियाना में वक्फ बोर्ड के लाखों का डेवलपमेंट प्रोजेक्ट जारी, कब्रिस्तान रिजर्व करने के साथ एजुकेशन और मस्जिदों को जारी कर रहा एड- फारुकी

सत पाल सोनी-क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना- पंजाब वक्फ बोर्ड की तरफ से लुधियाना सर्कल में लगातार डेवलपमेंट वर्क को बढ़ाया जा रहा है। सेशन 2022-23 में लुधियाना सर्कल ने पंजाब में सबसे ज्यादा पंजाब वक्फ बोर्ड के लिए करीब 8.80 करोड़ रुपए का रेवेन्यू इकट्ठा किया था। लुधियाना में एजुकेशन, मस्जिदें, मदरसों सहित कब्रिस्तानों को लेकर लगातार डेवलपमेंट वर्क किया जा रहा है। पंजाब वक्फ बोर्ड में जब से एडीजीपी एमएफ फारुकी आईपीएस की तरफ से एडमनिस्ट्रेटर का पदभार संभाला गया है तब से अब तक लाखों रुपए के वर्क मुकम्मल करवाए गए है और कई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट शुरू हो चुके है। लुधियाना सर्कल में 13 मस्जिदों व मदरसों को 13.25 लाख रुपए के डेवलपमेंट प्रोजेक्ट को लेकर फंड जारी किया गया था जो खर्च कर लिया गया है। लुधियाना सर्कल के एस्टेट अफसर मोहम्मद आयूब ने बताया कि एडमनिस्ट्रेटर एमएफ फारुकी की अगुआई में हम लगातार बेहतर काम कर रहे है। पिछले दिनों लुधियाना सर्कल में कई बेहतर काम हुए है। पंजाब वक्फ बोर्ड की तरफ से नया टार्गेट 15 करोड़ रुपए रखा गया है जिसे पूरा करने के लिए सभी मुलाजिम दिन-रात मेहनत कर रहे है। लुधियाना सर्कल में कई मस्जिदों और कब्रिस्तानों सहित नई एड के लिए फाइलें उनके पास पहुंच रही है जिस पर जलद फैसला लिया जाएगा। एडमनिस्ट्रेटर एमएफ फारुकी आईपीएस ने बताया कि पंजाब वक्फ बोर्ड में पार्दर्शिता लाने के साथ मुस्लिम समुदाय की हर मांग को पूरा किया जा रहा है। कब्रिस्तानों को रिजर्व करना, मस्जिदों की डेवलपमेंट और एजुकेशन पर हमारा मुख्य फोकस है। सूबे में जितने लोग भी अवैध तरीके से बोर्ड की जगहों पर काबिज है उन्हें कानूनी रुप से लीज दी जा रही है। लुधियाना सहित पूरे पंजाब में हमारे बेहतरीन काम चल रहे है।

## जिला विकास योजना की तैयारी को लेकर अध्यक्ष शरण पाल सिंह मक्कड़ ने जिला प्रशासनिक अधिकारियों की अहम बैठक

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना- चेयरमैन जिला वित्त एवं योजना समिति/ जिला अध्यक्ष लुधियाना शरण पाल सिंह मक्कड़ ने शहर के विकास को लेकर जिला प्रशासनिक अधिकारियों की अहम बैठक की जिसमें चेयरमैन मक्कड़ ने जिला प्रशासनिक अधिकारियों से शहर के विकास के लिए नई परियोजनाओं के प्रस्ताव लिए । इस मौके पर सांख्यिकी विभाग से डिप्टी ईएसए मैडम प्रवीण कुमारी व आम आदमी पार्टी से व्यापार विंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल भी मौजूद रहे । चेयरमैन शरण पाल सिंह मक्कड़ ने अधिकारियों को लुधियाना जिले में चल रहे और आगामी विकास कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा है और जिले के विकास के लिए प्रमुख परियोजनाओं का प्रस्ताव देने को कहा है। इस अवसर पर नगर निगम, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा, जिला सामाजिक न्याय/ प्राधिकरण एवं अल्पसंख्यक एवं जिला सामाजिक सुरक्षा के प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।



## राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ( कन्या ) जगराओं की छात्राओं ने समर कैंप का लुत्फ उठाया

सत पाल सोनी-क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना- जगराओं - राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ( कन्या )जगराओं की प्रिंसिपल मैडम रुपिंदर कौर गिल के नेतृत्व में ( 1-6-2023 से 8-6-2023 ) तक सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप में मैडम हरबंस कौर पीटीआई ने प्रतियोगिताएं कर छात्राओं को खो खो, बैडमिंटन, किक बॉक्सिंग का प्रशिक्षण दिया। सभी कक्षाओं की छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। इस मौके पर अंग्रेजी की लेक्चरर श्रीमती दलजीत कौर, मैडम रेणु बाला ने अच्छा लेक्चर देकर बच्चों को खेलों के प्रति प्रेरित किया। अंतिम दिन बच्चों को रिफ्रेशमेंट दिया गया। प्रिंसिपल मैडम रुपिंदर कौर गिल ने सभी शिक्षकों का उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# खीरी में भीषण सड़क हादसा: बाइक सवार पति-पत्नी, बच्ची समेत चार की मौत, मंजर देख कांप गया लोगों का कलेजा



लखीमपुर खीरी जनपद के पलियाकलां क्षेत्र में बृहस्पतिवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। निघासन मार्ग पर बोझवा के पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास कार और ट्रैक्टर की आमने सामने से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया। ट्रैक्टर का एक हिस्सा जहां रोड के किनारे उतर गया। वहीं दूसरा हिस्सा पीछे से आ रही बाइक से जा टकराया। हादसे में बाइक पर सवार युवक, उसकी पत्नी, बच्ची और उसके साले की मौके पर ही मौत हो गई। कार और ट्रैक्टर सवार लोग मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। हादसा इतना भयावह था कि घटनास्थल पर मंजर देख लोगों का कलेजा कांप गया।

मासूम बच्ची का एक पैर तक कट गया था। टक्कर के बाद बाइक में आग लग गई।

## सीतापुर का रहने वाला था परिवार

जानकारी के मुताबिक जनपद सीतापुर के बिसवां निवासी जाबिर पुत्र अलीशेर (32) पत्नी-बच्ची के साथ अपनी ससुराल त्रिलोकपुर आया था। बृहस्पतिवार को वह परिवार के साथ घर जाने के लिए निकला था। उसका साला चांद उनको बाइक पर बैठाकर पलिया तक छोड़ने जा रहा था। एक ही बाइक पर चारों लोग सवार थे। बोझवा के पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास हुए हादसे के बाद ट्रैक्टर का एक टुकड़ा बाइक से जा टकराया, जिससे बाइक पर सवार जाबिर, उसकी पत्नी खुशनुमा, बेटी जन्नत और साले चांद की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि घटनास्थल पर मंजर देख लोगों का कलेजा कांप गया। बच्ची का एक पैर तक कट गया था। चारों के शव सड़क पर इधर-उधर पड़े थे। टक्कर के बाद बाइक में आग लग गई। सूचना मिलते ही कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने कार और ट्रैक्टर को कब्जे में लिया है। हादसे की ही जाबिर और चांद के परिजन अस्पताल पहुंचे। शवों को देखकर चीख-पुकार मच गई।

# गर्भपात ने बदली जिंदगी, हालातों ने बनाया वकील, बेटी के शव से लिपट जुल्मों की कहानी कहती रही मां



मेरठ में बुधवार सुबह बदमाशों ने टीपी नगर में बड़ी वारदात को अंजाम दिया। महिला अधिवक्ता की हत्या कर बदमाशों ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मोर्चरी पर कफन में लिपटी बेटी की लाश को देखकर अंजली की मां सुधा गर्ग फफक पड़ीं। पिता जयप्रकाश गर्ग एकटक लाश को देखते रहे। भाई और बहन का रो-रोकर बुरा हाल था। लाश को एंबुलेंस में रखा तो आंसुओं का मानों सैलाब ही आ गया। परिजन इतना ही बोले पाए कि अंजली प्रोफेसर बनकर नाम करना चाहती थी...ससुराल वालों की पिटाई के बाद पेट में बच्चा मरा तो उसकी जिंदगी ही बदल गई। वो क्या बनना चाहती थी और क्या बन गई...आज ये दशा हो गई। अंजली के परिजनों का गम इतना था कि शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। डॉ. अंजली गर्ग के ढेरों सपने थे। वो प्रोफेसर बनना चाहती थी। हाईस्कूल से लेकर ग्रेजुएशन तक अव्वल आती थी। एमए अर्थशास्त्र में भी फर्स्ट क्लास उत्तीर्ण हुई। अर्थशास्त्र में पीएचडी की लेकिन पूर्व पति नितिन गुप्ता के बारे में जो बताया गया था, वो वैसा नहीं निकला। नितिन एमबीए था। अंजली को बताया था कि नितिन मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब करता है। शादी के बाद कुछ दिन नितिन ने नौकरी की लेकिन उसके बाद वो घर पर ही रहने लगा। यहीं से अंजली की अनबन शुरू हुई। उसके सपनों का टूटना यहीं से शुरू हुआ। फिर एक दिन अंजली के साथ वो हुआ जिससे वह मानसिक रूप से बुरी तरह टूट गई।

## सास और पति पेट पर बैठ गए थे, हो गया था गर्भपात

अंजली के भाई के नीरज के मुताबिक वह कुछ महीने की गर्भवती थी। उस दिन अंजली का नितिन से विवाद हुआ। नितिन और उसकी मां दोनों ने अंजली की पिटाई की। उसके पेट पर बैठ गए, जिससे अंजली का गर्भपात हो गया। वह बुरी तरह से टूट गई। उसने



इस घटना के बाद नितिन से तलाक लेने की ठान ली। यहीं से विवाद बढ़ता चला गया।

## 2009 में आया परिवार मेरठ

नीरज ने बताया कि उसके पिता जयप्रकाश गर्ग 2008 तक खुर्जा में रहते थे। अंजली ने खुर्जा से ही पढ़ाई की।

## कॉलेज में पढ़ाया था

अंजली का पढ़ाई से बेहद लगाव था। तलाक का मुकदमा होने के बाद उसने कुछ दिन तक हापुड़ के एक संस्कृत विद्यालय और फिर एनएएस कॉलेज में कुछ दिन तक ट्यूटर के रूप में पढ़ाया।

## पिता-भाई गए जेल तो कर दिया था अंजली

2009 में वे जागृति विहार आ गए। यहां पिता ने स्टील के बर्तनों की दुकान खोल ली। 2012 में अंजली की शादी नितिन गुप्ता से हुई। साल 2015 में अंजली ने गर्भपात होने के बाद तलाक का मुकदमा डाल दिया।

## ए न ए ए स

## को बेदखल, बनी वकील

2015 में तलाक का मुकदमा डाले जाने के बाद अंजली की पूरी जिंदगी ही बदल गई। उसके खिलाफ भी ससुराल वालों ने मुकदमे करा दिए। दुकान लेने के बाद भी तलाक नहीं देने के मामले में नितिन गुप्ता ने अंजली के परिवार वालों को धोखाधड़ी के मामले में आरोपी बना दिया। इस मुकदमे में अंजली के पिता जयप्रकाश और भाई नीरज जेल चले गए। इसके बाद अंजली को परिवार वालों ने बेदखल कर दिया था। इसके बाद अंजली ने तय किया कि वह एलएलबी करके वकील बनेगी और अपना मुकदमे खुद लड़ेगी। उसने एलएलबी के बाद एलएलएम भी किया। इलाहाबाद हाईकोर्ट में रजिस्ट्रेशन कराने के बाद वह मेरठ बार की सदस्य बनी। अंजली के परिवार वालों ने नितिन गुप्ता और उसके पिता पवन गुप्ता के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है। मकान के विवाद के एंगिल पर भी जांच की जा रही है। सीसीटीवी में नजर आ रहे दोनों हत्यारोपियों की तलाश की जा रही है। -रोहित सिंह सजवाण, एसएसपी

# साल 1991 में पहला अपराध... 2022 में आखिरी, चिह्नित 66 माफिया में से 15 नंबर पर था जीवा



मुजफ्फरनगर निवासी संजीव उर्फ जीवा ने वर्ष 1991 में मुजफ्फनगर में पहला अपराध किया था। तब उसके खिलाफ कोतवाली नगर में मारपीट का केस दर्ज किया गया था। उसके केस में वह दोषमुक्त भी हो चुका था। वर्ष 1991 में किए गए पहले अपराध के बाद संजीव ने अपराध की दुनिया में एक कदम रखा कि फिर वह अपराध के दलदल में डूबता चला गया। पुलिस हिरासत में माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि लखनऊ के एससीएसटी कोर्ट रूम में बुधवार दोपहर बाद मुख्तार अंसारी के बेहद करीबी कुख्यात अपराधी संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा (50) की हत्या कर दी गई। वकील के लिबास में आए हमलावर ने कोर्ट रूम में ही रिवॉल्वर से ताबड़तोड़ छह राउंड फायरिंग की। पुलिस रिकार्ड बताते हैं कि संजीव के खिलाफ मुजफ्फरनगर में 17, उत्तराखंड में 5, गाजीपुर जनपद में एक, फर्रूखाबाद जनपद में एक और लखनऊ में एक कूल 25 मामले दर्ज हैं। पश्चिमी यूपी में तैनात रहे एक अधिकारी ने बताया कि संजीव अपराध की दुनिया में आने से पहले एक दवाखाने में काम करता था। इसके बाद उसने अपराध करना शुरु किया और उत्तराखंड के नाजिम गैंग के लिए काम करने लगा। कुछ दिन उसने सतेंद्र बरनाला गैंग के लिए काम किया और उसने मुन्ना बजरंगी का हाथ थाम लिया और वहीं से मुख्तार अंसारी का करीबी हो गया। पुलिस सूत्रों की मानने तो संजीव उर्फ जीवा हथियारों का डीलिंग का काम मुख्तार के लिए किया करता था।रंगदारी का दर्ज हुआ आखिरी मुकदमा-शहर की कोतवाली नई मंडी में व्यवसायी मनीष गुप्ता ने संजीव जीवा, उसकी पत्नी पायल माहेश्वरी और गैंग के सदस्यों के खिलाफ 21 मई 2022 को दर्ज कराया था। इस मुकदमे में जीवा की संपत्ति को भी कुर्क कर लिया गया था। चिह्नित 66 माफिया में से 15वें नंबर पर था जीवा, पत्नी ने जताया था हत्या का शक- संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा प्रदेश में चिह्नित 66 माफिया में से 15वें नंबर पर था। माफिया की ये सूची हाल में शासन ने जारी की थी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि संजीव कितना कुख्यात था। पश्चिम यूपी से लेकर उत्तराखंड तक जीवा का खौफ था। करीब दो साल पहले उसकी पत्नी ने सीजीआई को एक पत्र लिखा था, जिसमें उसने पेशी के दौरान जीवा की हत्या होने का शक जाहिर किया था।

एके-47 कनेक्शन- पश्चिमी यूपी में तैनात रहे एक अधिकारी ने बताया कि संजीव अपराध की दुनिया में आने से पहले एक दवाखाने में काम करता था। सबसे पहले वह उत्तराखंड के नाजिम गैंग के लिए काम करने लगा। कुछ दिन उसने सतेंद्र बरनाला गैंग के लिए काम किया और फिर मुन्ना बजरंगी का हाथ थाम लिया और मुख्तार अंसारी का करीबी हो गया। संजीव उर्फ जीवा हथियारों का डीलिंग का काम मुख्तार के लिए करता था। बताया जाता है कि कृष्णानंद राय हत्याकांड में इस्तेमाल की गई एके-47 जीवा ने ही जुटाई थी। हालांकि इस हत्याकांड में वह बरी हो गया था। हाई सिक्योरिटी बैरक में था- संजीव पिछले दो दशक से सलाखों के पीछे है। उसको भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी हत्याकांड व हरिद्वार के एक हत्या के केस में सजा हो चुकी थी। 2019 में वह मैनपुरी से लखनऊ जेल शिफ्ट किया गया था। तब से वह लखनऊ जेल में बंद था। उसको हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया था। कुख्यात संजीव उर्फ जीवा का पूरा इतिहास नाम- संजीव माहेश्वरी उर्फ जीव पिता का नाम- ओमप्रकाश माहेश्वरी मूल पता- मुजफ्फरनगर प्रेमपुरी अस्थाई पता- सोनिया विहार दिल्ली मां- कुंति पत्नी- पायल माहेश्वरी भाई- राजीव माहेश्वरी बहन- पूनम, सुमन पुत्र- तुषार, हरिओम, वीरभद्र पुत्री- आर्य - संजीव उर्फ जीवा का गैंग संख्या- आईएस -01 जो 9 सितंबर 2019 में पंजीकृत किया गया था। - संजीव के गैंग में कुल सक्रिय सदस्य 10 हैं और 26 सहयोगी हैं। - संजीव उर्फ जीवा पर दर्ज मुकदमों की संख्या-25। - अपराधिक मुकदमों की प्रकृति- हत्या, लूट, डकैती, अपहरण, रंगदारी, जालसाली। - राजनैतिक संबंध- मुख्तार अंसारी का सहयोगी। - संजीव के पास मौजूद असलहे- दोनाली बंदूक और पिस्टल। - गैंगस्टर एक्ट के तहत पुलिस संजीव उर्फ जीवा की चार करोड़ की संपत्ति जब्त कर चुकी है। कोर्ट रूम में जीवा की हत्या आपको बता दें कि पुलिस हिरासत में माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि लखनऊ के एससीएसटी कोर्ट रूम में बुधवार दोपहर बाद मुख्तार अंसारी के बेहद करीबी कुख्यात अपराधी संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा (50) की हत्या कर दी गई। वकील के लिबास में आए हमलावर ने कोर्ट रूम में ही रिवॉल्वर से ताबड़तोड़ छह राउंड फायरिंग की। इस दौरान दो पुलिसकर्मियों, एक डेढ़ साल की बच्ची व उसकी मां को भी गोली लगी। जीवा पर हमलावर ने पीछे से फायरिंग की। वारदात के बाद वकीलों ने दौड़कर हमलावर को दबोच लिया और पीटकर पुलिस को सौंप दिया। घायलों को ट्रामा में भर्ती कराया गया है। वारदात के बाद आक्रोशित वकीलों ने प्रदर्शन कर पथराव कर दिया। जिसमें एसीपी चौक का सिर फट गया। कई वाहन भी छतिग्रस्त हो गए। आलाधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तब हालात पर काबू पा सके। भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी हत्याकांड में आजीवन कारवास की सजा पाने वाला मुजफ्फरनगर के शाहपुर आदमपुर निवासी संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा पिछले बीस साल से जेल में बंद था। उस पर दो दर्जन केस दर्ज हैं। वह हत्या व एससीएसटी के एक केस में बुधवार दोपहर पुलिस अभिरक्षा में पेशी पर लाया गया था। दोपहर बाद करीब 3ः50 बजे उसके केस की बारी आई। जैसे ही वह उठकर चला वैसे ही अंदर बैठे हमलावर ने उस पर गोलियां दागनी शुरू दीं। कोर्ट रूम से लेकर पूरे परिसर में भगदड़ मच गया।

संजीव वहीं पर लहूलुहान होकर औंधे मुंह गिर गया। हमलावर ने भागने का प्रयास किया, लेकिन वहां मौजूद वकीलों ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह जौनपुर के केराकत का रहने वाला है। उसका नाम विजय यादव उर्फ आनंद है। पुलिस जीवा को अस्पताल लेकर गई। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। संजीव पर पूर्व भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या का भी आरोप था लेकिन बाद में वह कोर्ट से बरी हो गया था।

# साहब! मैंने उस लड़के से शादी की तो उसकी प्रेमिका मर जाएगी और...बात सुनकर पुलिस भी शर्म से हुई पानी-पानी

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में एक युवती थाने पहुंची। एसओ के सामने हाथ जोड़कर अपनी शादी रुकवाने की बात कहने लगी। उसने कहा कि उसके चाचा जबरन उसकी शादी कराना चाहते हैं। कहा कि यदि मैंने उस लड़के से शादी कर ली तो उसकी प्रेमिका मर जाएगी। युवती की बात सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मैनपुरी में युवती थाने पहुंची। कहा कि साहब! मैंने उस लड़के से शादी की तो उसकी प्रेमिका मर जाएगी। उसकी बात सुनकर पुलिस भी हैरान गई।

## चाचा जबरन कराना चाहते शादी

मामला कुरावली थाना क्षेत्र का है। यहां की रहने वाली एक युवती बुधवार की शाम थाने पहुंची। एसओ विनोद कुमार से कहा कि उसके चाचा जबरन उसकी शादी करना चाहते हैं। बताया कि वह एक महाविद्यालय में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा है। उसके पिता दिल्ली में रह कर मजदूरी करते हैं। वह अभी और पढ़ना चाहती है, अभी शादी करने का कोई इरादा नहीं है।

## मौका मिला तो आ गई थाने

बताया कि चाचा वीरपाल ने 30 जून को उसकी शादी भी तय कर दी है। उसे घर से आज निकलने का मौका मिला तो उसने थाने आकर शिकायत की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक ने महिला सेल को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं युवती को आश्वासन दिया है कि उसकी मर्जी के बिना कोई शादी नहीं करा सकता।

## लड़के की प्रेमिका कर लेगी खुदकुशी

महिला कांस्टेबल ने जब युवती से बातचीत की तो एक और बात सामने आई। युवती ने बताया कि जिस युवक से शादी तय हुई है। उसकी एक प्रेमिका है। वह मोबाइल पर हुई बातचीत के दौरान कह रहा था कि अगर तुमने शादी कर ली, तो उसकी प्रेमिका खुदकुशी कर लेगी।

ऐसे में युवती भला दूसरी लड़की का जीवन बर्बाद कैसे कर सकती है।

# RBI's decision will affect your pocket, know 10 big things

RBI MPC Meet 2023 Updates The three-day meeting of the Reserve Bank of India has ended today. RBI Governor Shaktikanta Das has given information about the decisions taken in this meeting. Let us know how these decisions will affect your pocket? Reserve Bank of India Governor Shaktikanta Das informed about the decisions taken in the MPC meeting through a press conference this morning. These decisions will affect the economy of India as well as your budget. Let's know 10 big things taken in this meeting - RBI has decided to keep the repo rate constant in this meeting as well. That is, the repo rate is stable at 6.50 percent. At the same time, the SDF rate remains unchanged at 6.25 percent and the NCF (MSF) rate and the bank rate remain unchanged at 6.75 percent. Rabi has said about India's GDP that India's GDP growth rate can be 6.5 percent in the financial year 2023-24. India's GDP growth can be 8 percent in the first quarter, 6.5 percent in the second quarter, 6 percent in the third quarter and 5.7 percent in the fourth quarter. On the country's inflation, the RBI governor said that the inflation rate in the financial year 2023-24 could be 5.1 percent. The inflation rate in the first quarter of the business year can be 4.6 percent, 5.2 percent in the second quarter, 5.4 percent in the third quarter and 5.2 percent in the fourth quarter. RBI Governor Shaktikanta Das has also announced about Rs 2000 note. He has said that depositing these notes in banks will be of great benefit. This will strengthen the Indian economy. RBI pegs retail inflation at 5.1 per cent for FY24. Earlier it was estimated to be 5.2. RBI has made a big announcement regarding Rupay card. Banks have been permitted to issue Rupay prepaid forex cards. E-Rupee Vouchers will be issued to non-bank companies. So that the scope of e-rupee can be expanded. The RBI governor pointed out that the pace of global economic activities has slowed down due to the geopolitical situation. This increased the net inflow in non-resident deposits to US$ 8 billion in FY23. These figures were US$ 3.2 billion last year. This time the headline inflation is above the target of 4 per cent and it is expected to remain so during the rest of the year. The RBI governor said that India has sufficient foreign exchange reserves. The RBI governor said that even in the financial year 2024, the inflation rate can remain above 4 percent. Inflation may remain above the target in FY24. The 'Withdrawal Of Accommodation' stance was maintained in the 43rd meeting of the MPC.




# Guaranteed return will be available on NPS soon, PFRDA preparing to introduce minimum assured return scheme

PFRDA chairman Deepak Mohanty said that low-cost pension funds do not have capital. Adding the guarantee will bring in additional capital. The returns have to be attractive so that they can attract members. Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA) will launch the Minimum Assured Return Scheme under NPS. PFRDA chairman Deepak Mohanty said, we are working on it. This scheme will be for the members of the National Pension System (NPS). It can be started in the near future. However, this will also increase the cost to its members. Adding a minimum return guarantee may have the opposite effect if the cost increases. Currently, under NPS, if the asset under management (AUM) is less than Rs 10,000 crore, the pension fund manager can charge a management fee of up to 0.09 per cent of the asset. If the AUM is from 10 thousand crores to 50 thousand crores, the maximum management fee can be 0.06 percent. If AUM is from 50 thousand crores to 1.50 lakh crores then 0.05% fee will be charged. Above Rs 1.5 lakh crore, the maximum fee limit will be 0.03 per cent. PFRDA chairman Deepak Mohanty said that low-cost pension funds do not have capital. Adding the guarantee will bring in additional capital. The returns have to be attractive so that they attract members. LIC increases stake in Tech Mahindra - Life Insurance Corporation of India (LIC) has decided to invest in Tech Mahindra Ltd. It has increased its stake by about 2 per cent to 8.8 per cent. LIC bought 1.9 crore shares of Tech Mahindra at an average price of Rs 1,050.77. Global growth rate in the current year can be 2.7 percent - This year and next year will be uncertain for the global economy due to inflation and rising interest rates. The Organization for Economic Co-operation and Development (OECD) has also raised its forecast for global growth in the current year to 2.7 per cent from 2.2 per cent in November. The global growth rate next year is expected to be 2.9 per cent. The OECD said that the recovery after the Kovid-19 pandemic will be affected by the rise in energy prices due to Russia's attack on Ukraine. In such a situation, the growth will be lower than in the pre-pandemic years. The average global growth in 2013-2019 was 3.4 per cent. The road ahead is full of risks. agency




# Bankers claim: 80 percent of 2000 notes deposited, bank deposits will increase by 2.7 lakh crore, SBI has 140 billion rupees deposited

Bankers say that this trend of people (depositing Rs 2000 notes) will increase the total deposits in banks from the current level of 10.9 per cent. Bank of Baroda economist Deepanwita Majumdar said that by September 2023, 75 percent of the total Rs 2000 notes will be deposited, the bank's deposits can increase by Rs 2.7 lakh crore. Prefer to deposit in their bank accounts. Bank deposits are expected to increase due to this trend of people. Six government and private sector bankers claim that from May 23, 2023 till now, more than 80 percent of all the notes of Rs 2000 that have come in the banks have been deposited in the account. Bankers say that this trend of people (depositing Rs 2000 notes) will increase the total deposits in banks from the current level of 10.9 per cent. Bank of Baroda economist Deepanwita Majumdar said that by September 2023, 75 per cent of the total Rs 2000 notes will be deposited, the bank's deposits can increase by Rs 2.7 lakh crore. An SBI official told that look at the initial assumption So it can be estimated that with the introduction of Rs 2000 notes, bank deposits will increase by at least Rs 1.5 lakh crore. SBI's stake in this will be 22 to 25 percent. 140 billion rupees deposited with SBI so far – A senior official told that from May 23, 2000 rupee notes are being exchanged or deposited. In the first week of this deadline, SBI received Rs 2000 notes worth Rs 170 billion. Of these, 82 per cent or Rs 140 billion worth of notes have been deposited in the account, while the rest have been exchanged. Officials of Bank of Baroda, Union Bank of India and Bank of India claim that 80-90 per cent of the total Rs 2000 notes received so far have been deposited into the account. Virat Dewanji, Group President and Head of Consumer Banking Group, Kotak Mahindra Bank, said, since the deposit or exchange facility started on May 23, Rs 2000 notes worth more than Rs 30 billion have been received till May 30. Of these, 80-85 per cent have been deposited. There is a similar situation regarding the deposit of notes in two big private sector banks, but the officials of these banks did not reveal their names. Value of notes in circulation reduced to Rs 365 billion – When the central bank announced the withdrawal of notes, Rs 2000 notes worth Rs 3.6 lakh crore were in circulation. So far, the information about how many notes of 2000 rupees have been changed or deposited, is not yet available. According to RBI, the value of currency in circulation (CIC) declined to Rs 365 billion in the week ending May 26. Full amount to flow into banking system – September 30, 2023 is the last date to exchange or deposit Rs 2,000 notes . There are four months left for this limit to end. Banks expect that almost the entire amount will come back to the banking system by this period. Almost the entire amount of Rs 3.6 lakh crore will come back to the banking system, said Soumya Kanti Ghosh of SBI.



# Amit Shah said - India is hosting 100 unicorn startups, creating jobs

Union Minister Amit Shah also released a video on the completion of nine years of the central government. In which he wrote that the Center has built new educational institutions, sports and skill development initiatives during its nine-year tenure. Union Minister Amit Shah on Wednesday said that the initiatives of the Union government led by Prime Minister Narendra Modi like Skill India and Start-up India have given a boost to innovation and entrepreneurship. Due to these, India is at number three in the form of startup ecosystem in the world. Also told that today India hosts 100 unicorn startups, which have created jobs in the last nine years. He tweeted that youth is the power of a nation and India has created new milestones in every field by the rise of its youth. Have seen it happen. He also released a video on the completion of nine years of the central government. In which he wrote that the Center has built new educational institutions, sports and skill development initiatives during its nine-year tenure. Amit Shah further mentioned that the Modi government is making changes in education which is creating opportunities. Between 2017 and 2023, over 6.76 crore people have been employed in the micro, small and medium enterprises (MSME) sector. Also informed that 1.21 crore people were benefited under the PM Rojgar Protsahan Yojana. He informed that between 2014-2019, more than 6.24 crore jobs were created in the digital economy and between 2015 and 2018, 1.12 crore jobs were created through the Mudra scheme. He also said that by March 2023, over 5.93 crore people have been trained under the Pradhan Mantri Gramin Digital Saksharta Abhiyan. Further, Home Minister Amit Shah said that 2.83 crore youth were trained under the Skill India Mission and the monthly salary has increased by 118.2 per cent due to the PM Kaushal Vikas Yojana. Regarding the education sector, the Home Minister informed that in the last nine years of the government led by PM Modi, an increase of more than 56,100 has been registered in many higher secondary schools.



# नैनीताल पुलिस जहाँ एक तरफ कर रही अपराध पर कड़ा प्रहार वहीं दूसरी तरफ ऐच्छिक ब्यूरो के माध्यम से मिटा रही परिवारों की दरार

राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच



नैनीताल पुलिस जहाँ एक तरफ कर रही अपराध पर कड़ा प्रहार वहीं दूसरी तरफ ऐच्छिक ब्यूरो के माध्यम से मिटा रही परिवारों की दरार, **SSP NAINITAL** की अध्यक्षता में पारिवारिक मामलों की काउन्सलिंग कर वर्ष 2023 में अब तक 127 परिवार हुए एक पंकज भट्ट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारावर्तमान परिवेश में घरेलू/आपसी विवाद, दहेज प्रताड़ना, पारिवारिक सामंजस्य समस्या, नशाखोरी से उपजे विवाद, मारपीट आदि समाज में बढ़ते अपराध की जटिल पारिवारिक समस्याओं के समाधान के लिए परिवारों को एक करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह शिक्षाविद, कानूनविद, चिकित्सक, पुलिस के माध्यम से काउंसलिंग कराई जाती है। दिनाँक-07,जून,2023 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पारिवारिक रिश्तों को बिखरने से बचाने हेतु महिला ऐच्छिक ब्यूरो के डॉ0 युवराज पन्त (मनोवैज्ञानिक) / काउन्सलर, डॉ0 प्रभा पन्त (शिक्षाविद) प्रो0 सदस्य एच्छिक ब्यूरो, श्री राम सिंह बसेड़ा (अधिवक्ता) पूर्व अध्यक्ष बार एसोशिएसन हल्द्वानी डॉ0 बहादुर सिंह बिष्ट (समाजशास्त्री) की उपस्थिति में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय बहुउद्देश्यीय भवन हल्द्वानी में महिला ऐच्छिक ब्यूरो टीम की गोष्ठी आयोजित की गयी। प्रभारी महिला समाधान केन्द्र हल्द्वानी श्रीमती सुनीता कुँवर द्वारा महिला हेल्प लाईन में कई मामलों का निस्तारण करने के उपरान्त 10 जटिल प्रकरणों को ऐच्छिक ब्यूरो के समक्ष रखा गया। प्रकरणों में एच्छिक ब्यूरो टीम द्वारा 02 मामलों का निस्तारण, 02 मामलों में स्रद्धक्र तथा 06 प्रकरण में ब्यूरो द्वारा दोनों पक्षों को आपसी सहमति ना बन पाने तथा रिश्ते बचाने के लिए सोच-विचार का समय देते हुए अग्रिम तिथि दी गई। ऐच्छिक ब्यूरो/ महिला समाधान टीम के अथक प्रयास से वर्ष 2023 में पति-पत्नी के मध्य आपसी मनमुटाव व कलह को दूर कर मेल- मिलाप करवाकर हंसी-खुशी परिवार के साथ रहने के लिये 127 जोड़ों को शुभकामनाओं सहित विदा किया गया। कुल- 277 मामलों का निस्तारण किया गया। पारिवारिक तनाव को सुलह समझाईश से बांधने का कार्य महिला ऐच्छिक ब्यूरो टीम एवं महिला समाधान प्रभारी उ0नि0 सुनीता कुँवर व टीम महिला आरक्षी चम्पा रावत एवं कमला गोस्वामी द्वारा बखूबी से किया जा रहा है। इसके चलते यहां दंपती व पारिवारिक सुलह के लिए पूरी टीम मदद करने के लिए तत्पर रहती है। रिश्तो में दरार पड़ने के मामलों में पीड़ित पक्षों की सतत काउंसलिंग के माध्यम से उन्हें तनाव मुक्त कर सुलह कराया जाता है।

# बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी

राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच




हल्द्वानी-लाल कुआं- उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग (राज्य मंत्री) मजहर नईम नवाब एवं उपाध्यक्ष इकबाल सिंह ने सर्किट हाउस काठगोदाम में अल्पसंख्यकों के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में अधिकारी अनुपस्थित पाये जाने पर उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने गम्भीरता से लेते हुये अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टीकरण के साथ ही नोटिस जारी किया है, और 10 दिनों के भीतर नोटिस का जबाव अल्पसंख्यक आयोग देहरादून में देने के निर्देश दिये हैं। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष ने गहरी नाराजगी व्यक्त की कहा कि भारत सरकार व उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए जो छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है इसका संज्ञान न ही विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को न ही शिक्षकों को है। इस लिए उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रदेश में केवल 18 प्रतिशत बच्चों को ही इसका लाभ दिया जा रहा है यह एक अत्यन्त गम्भीर मामला है। उन्होंने शिक्षा अधिकारी के साथ ही अल्पसंख्यक अधिकारी को निर्देश दिये कि योजना का अधिक से अधिक प्रचार किया जाए तथा विद्यालयों में उक्त योजना के बोर्ड आदि लगाये जायें ताकि जो बच्चे पात्र हैं वे इन योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा छात्रवृत्ति के आवेदन की अन्तिम तिथि 17 जुलाई 2023 है इससे पूर्व जनपद के सभी विद्यालयों में अल्पसंख्यकों के बच्चों के आवेदन ऑनलाइन कर दिये जाए इसके बावजूद कोई भी विद्यालय के बच्चे इन योजनाओं से वंचित रह जाते है तो उस स्कूल के प्रधानाचार्य के साथ ही शिक्षकों की जिम्मेदारी तय होगी और कठोर कार्यवाही सम्बन्धित शिक्षक के खिलाफ अमल में लाई जायेगी।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि शहर में प्रत्येक माह चिकित्सकीय कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड धारकों को इन कैम्पों का अधिक से अधिक लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा जनपद में जहां भी चिकित्सा कैम्प अथवा शिविर लगाया जाता है मुख्य चिकित्याधिकारी के संज्ञान में बात अवश्य हो , और इन चिकित्सा कैम्पों का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि गरीब तबके के लोग इन कैम्पों का फायदा उठा सकें। समाज कल्याण की समीक्षा के दौरान मजहर नईम नवाब ने कहा कि मुख्यमंत्री हुनर योजना के अन्तर्गत जनपद प्रशिक्षण कैम्प चलाये जा रहे है प्रशिक्षण करने के उपरान्त कितने लोगों द्वारा स्वरोजगार कर अपनी आर्थिकी मजबूत की इसका डाटा अवश्य हो। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों, अल्पसंख्यकों के साथ ही अन्य पिछडे वर्क के जिन लोगो को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि प्रशिक्षण के उपरान्त रोजगार के साथ ही स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर इन लोगों को मुख्य धारा से जोडकर लाभान्वित किया जा सके। उपाध्यक्ष नवाब ने कहा कि अल्पसंख्यक आयोग का मुख्य उददेश्य अल्पसंख्यकों के साथ ही गरीब तबके के लोगों को मुख्य धारा से जोडना है। सरकार द्वारा अनेको महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनायें चलाई जा रही हैं इन योजनाओं को धरातल पर अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों को उतारने के लिए एक अहम भूमिका निभानी होगी तभी हम सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को एक मूर्त रूप दे सकते हैं। महजर नईम नवाब द्वारा अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार के तहत कुल 5 दम्पत्तियों को 50-50 हजार के अनुदान के चैक दिये गये जिसमें मुकेश कुमार पत्नी कुसुम, नन्द किशोर पत्नी अनीता रावत, जितेन्द्र भटट पत्नी पूजा, चन्दर सिंह पत्नी रेनु आर्या तथा आशीष कुमार पत्नी करिश्मा कोटलिया को दिया गया। बैठक में उपाध्यक्ष नवाब द्वारा पुलिस, पूर्ति, लोनिवि, युवा कल्याण,उद्यान, कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, जिला विकास विभाग आदि विभागों के अल्पसंख्यकों के साथ ही गरीब तबके के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर हरबंस सिंह, डीडीओ गोपाल गिरी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 रश्मि पंत, अधिशासी अभियंता लोनिवि अशोक कुमार, सीओ सिटी भूपेन्द्र सिंह धौनी,जिला अल्पसंख्यक अधिकारी दीपांकर घिडियाल, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल,एडीएसटीओ बीएस राना,जिला पंचायत सदस्य किशोरी लाल के साथ ही आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# 24 घंटे के भीतर मोटर साइकिल चोरी करने वाले 02 आरोपियों को चौकी हल्दुचौड़ लालकुआं पुलिस टीम ने कब्जे से मोटरसाइकिल बरामद कर किया गिरफ्तार

राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच



लाल कुआं- शिकायतकर्ता सचिन कठायत पुत्र स्वर्गीय राम सिंह निवासी पश्चिमी राजीव नगर घोड़ानाला,बिंदुखत्ता द्वारा लिखित रूप से कोतवाली लाल कुआं में शिकायत दर्ज कराई गई कि वह अपने दोस्त सूरज मिस्त्री की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर **K-04AF-0315**) को **HDFC Bank** के पास खड़ी करके, मुरादाबादी चिकन बिरयानी की दुकान लाल कुआं में खाना खाकर जब वापस आया तो देखा कि उसके दोस्त की स्प्लेंडर प्लस बाइक को कोई लेकर फरार हो गया 7 इस संबंध में वादी द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली लालकुआं में दिनांक 06-06-2023 को सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना, चौकी प्रभारी हल्दुचौड़ उप निरीक्षक सोमेंद्र सिंह के सुपुर्द की गई7 चोरी हुई
मोटरसाइकिल की तत्काल बरामदगी तथा चोरों की गिरफ्तारी करने हेतु पंकज भट्ट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल महोदय द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। संगीता,क्षेत्राधिकारी लाल कुआं के सफल पर्यवेक्षण में डीआर वर्माप्रभारी निरीक्षक लाल कुआं के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया गया। क्षेत्र में पतारसी सुरागरसी की गई तथा मुखबीर मामूर किए गए।

दिनांक 07-06-2023 को मुखबिर की सूचना एवं विभिन्न साक्ष्यों के आधार पर उक्त बाइक की चोरी की घटना को अंजाम देने वाले प्रकाश में आए अभियुक्त गण क्रमश: 1- सुमित पाल सागर पुत्र स्वर्गीय मैकूलाल निवासी कालिका मंदिर के पास दो किलोमीटर, लाल कुआं नैनीताल उम्र 21 वर्ष तथा 2- किशन मौर्या पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद निवासी पता उपरोक्त उम्र 19 वर्ष को कालिका मंदिर के पास से मय चोरी की मोटरसाइकिल के उप निरीक्षक सोमेंद्र सिंह द्वारा अपनी टीम के साथ 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया

# राज्यपाल ने राजभवन में होटल एसोसिएशन नैनीताल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की

राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच



नैनीताल- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह( से नि ) ने राजभवन में होटल एसोसिएशन, नैनीताल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राज्यपाल ने पदाधिकारियों के साथ नैनीताल में पर्यटकों हेतु सुविधाओं और अवस्थापना विकास से संबंधित चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की और उनके सुझाव प्राप्त किए। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल का प्राकृतिक सौंदर्य और झील देश एवं विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है। नैनीताल में पर्यटकों हेतु सुविधाएं बढ़ाने के लिए सामुहिक प्रयास करने होंगे। उन्होनें कहा कि समय के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाना जरूरी है, इस ओर सरकार द्वारा भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से पर्यटन क्षेत्र में मॉर्डनाइजेशन व वैल्यू एडिशन किए जाने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने कहा कि पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए टनल पार्किंग, मल्टीस्टोरी पार्किंग व रोप वे आदि से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा नैनीताल में पर्यटन व्यवसाय में आ रही चुनौतियों के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया। पदाधिकारियों द्वारा मुख्य रूप से शहर की पार्किंग क्षमता बढ़ाये जाने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने, नैनीताल स्थित रक्षा संपदा की भूमि को पार्किंग के रूप में विकसित किए जाने, पुराने होटलों के पुर्ननिर्माण कार्यों की स्वीकृति दिए जाने, कुमाऊं हेतु विशेष ट्रेनों के संचालन किए जाने, नैनीताल में हैलीपोर्ट बनाए जाने व हैली सेवाओं से जोड़ने जैसे सुझाव व समस्याओं से अवगत कराया। राज्यपाल ने सभी समस्याओं के लिए उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए कहा कि इसके लिए संबंधित विभागों, स्थानीय प्रशासन के अलावा मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री से वार्ता कर सुझावों पर अमल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ सुझावों पर कार्यवाही गतिमान भी है। बैठक में होटल एसोसिएशन अध्यक्ष श्री दिग्विजय सिंह बिष्ट सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व राज्यपाल ने बोट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर नैनी झील में बोट संचालन की चुनौतियों के संबंध में चर्चा की और पदाधिकारियों से सुझाव प्राप्त किए। राज्यपाल ने कहा कि नैनी झील प्रकृति का बड़ा उपहार हम सभी के लिए है। नैनीताल की झील यहां आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र है। यहां पर आने वाला हर पर्यटक बोटिंग अवश्य करता है। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि बोट संचालन उनके रोजगार का बड़ा साधन है। जिस पर कई परिवारों की आर्थिक स्थिति निर्भर करती है। उन्होंने नैनी झील में बने बोट स्टेंड में शेल्टर बनाए जाना का सुझाव दिया जिससे बरसात के मौसम में पर्यटकों को खड़े होने की सुविधा हो सके। इसके साथ-साथ झील की सफाई की मॉनीटरिंग करने का सुझाव भी पदाधिकारियों द्वारा दिया गया। उन्होंने झील के सौंदर्यीकरण और सड़क की मरम्मत की जरूरत बताई। राज्यपाल ने कहा कि इन सुझावों को पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष रामसिंह बिष्ट और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 246 बसों को चेककिया गया जिसमें से 53 बसों के चालान किए गए

राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच

नैनीताल- हल्द्वानी-आयुक्त कुमाँऊ दीपक रावत के निर्देशों के क्रम में संभागीय परिवहन अधिकारी नंदकिशोर ने बताया कि हल्द्वानी सम्भाग के अन्तर्गत जनपद नैनीताल उधमसिंह नगर एवं चम्पावत में परिवहन निगम की बसों में सभी प्रवर्तन दलो को विशेष चैकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये थे, जिसके क्रम में सम्भाग स्तर पर कुल 246 बसों को चैक किया गया जिनमें से 53 बसों के विभिन्न अभियोगों चालान किये गये तथा 13 चालकों के लाईसेन्स के विरूद्ध कार्यवाही की संस्तुति की गई। अभियान के दौरान चार वाहनों में ओवर लोडिंग पाई गई 13 वाहनों पर प्रेशर हॉर्न पाये गये। बिना निर्धारित वर्दी 17, बिना कण्डक्टर लाईसेन्स 8 एवं बिना परमिट 3, बिना चालक लाईसेंस 7 एवं बिना फिटनैस 1 तथा अन्य 21 अभियोगों में चालान की कार्यवाही की गई। सभी प्रवर्तन दलों को लगातार प्रवर्तन कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मंडलायुक्त दीपक रावत ने नैनीताल में शत्रु संपत्ति (मेट्रोपोल) में अतिक्रमण एवं माल रोड में साफ-सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया

राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच



नैनीताल- मण्लाआयुक्त दीपक रावत ने बुधवार को नैनीताल मे शत्रु संपत्ति( मैट्रोपोल ) मे अतिक्रमण एवं माल रोड की साफ-सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने ईओ नगर पालिका से मेट्रोपोल शत्रु संपत्ति के अभिलेखों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि शत्रु संपत्ति के वर्तमान में जो भी अभिलेख उपलब्ध है उनका 2 दिन के अंतर्गत डिजिटाइजेशन करना सुनिश्चित करें इसके अलावा नजूल भूमि के जो भी अभिलेख उपलब्ध है 30 दिन के भीतर अपडेट करें एवं जो शेष प्राइवेट प्रॉपर्टी के अभिलेख है उनका भी 3 महीने के भीतर डिजिटाइजेशन करना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने जिला प्रशासन को निर्देश दिये है कि मेट्रोपोल शत्रु संपत्ति मे जो अतिक्रमण किया गया उसे विधिवत तरीके से तत्काल खाली करवाने की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने पार्किंग व्यवस्था को कंप्लीट प्लान के तहत पार्किंग व्यवस्था मैं सुधार लाने के निर्देश ईओ नगर पालिका को दिए ताकि पर्यटको को एक अचछी सुविधा मिल सके। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान नगर पालिका द्वारा नगर में सफाई व्यवस्था ठीक-ठाक ना होने, शिविर का पानी ओवरफ्लो होने से जो गंदगी सड़क में बह रही है उसे देखकर ईओ नगर पालिका कड़ी फटकार लगाते हुए 2 दिन के भीतर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए ठीक करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम शिवचरण द्विवेदी, उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा, ईओ नगरपालिका आलोक उनियाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।